


नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 206 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 (4+4)

धरमजयगढ़, रविवार 5 जून 2022





पेज -3 पर गौठान से केंचुआ बेचकर बीरा बाई को हुई 84 हजार रुपये की आय ...

विश्व पर्यावरण दिवस पर वन विभाग आज अंम्बेटिकरा में करेगा पौध-रोपण... पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## एक नजर

### लघु वनोपज के वेल्यू एडिशन से तेजी से बढ़े रोजगार के अवसर - मुख्यमंत्री बघेल




**रायपुर।** प्रेस क्लब भवन निर्माण के लिए दी 15 लाख रूपए की मंजूरीमुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी सरकार लघुवनोपजों के क्रय की बेहतर नीति की वजह से स्थानीय वनोपज संग्राहको को अपने वनोपज के बढिया दाम मिले पहली बार उन्हें यह महसूस हुआ की उन्हें अपने श्रम का वास्तविक मूल्य मिल पाया है। इसके साथ ही हमने इन लघु वनोपजों के वैल्यू एडिशन की नीति तैयार की। संस्करण केन्द्र आरंभ किए जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर जनजातीय क्षेत्रों में पैदा हुए। इस नीति की वजह से ही इन दो-तीन वर्षों में छत्तीसगढ़ लघुवनोपजों की खरीदी में पूरे देश प्रथम स्थान पर रहा है और कोरोना काल में भी आर्थिक मंदी से अछूता रहा। मुख्यमंत्री ने भेंट मुलाकात के दौरान कांकेर जिला के भानुप्रतापपुर में ये बाते कही। भानुप्रतापपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भानुप्रतापपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में 39.75 करोड़ रुपए के 106 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने पत्रकार वार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों की मांग पर प्रेस क्लब भवन के लिए 15 लाख रुपए देने की भी घोषणा की।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के SMS-2 में ब्लास्ट, पिघला लोहा गिरने से 4 कर्मचारी झुलसे

रायपुर। छत्तीसगढ़ में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की सबसे बड़ी इकाई भिलाई इस्पात संयंत्र (BSP) में शनिवार को फिर एक बड़ा हादसा हो गया।

स्टील मेल्टिंग शॉप-2 (SMS-2) के कनवर्टर-3 में हॉट मेटल को ले जाते समय लेडर में धमाका हो गया। पिघला लोहे की चपेट में आने से 4 कर्मचारी झुलस गए। झुलसे कर्मियों को मेन मेडिकल पोस्ट में प्राथमिक उपचार के बाद सेक्टर-9 रेफर कर दिया गया। हादसे में 2 कर्मियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। बीएसपी में 4 दिनों में यह 3 तीसरी घटना है। कारखाने में लगातार हादसों ने संयंत्र प्रबंधन के सेफ्टी दावों पर सवाल खड़ा कर दिया है। वहीं कर्मचारी संगठनों में आक्रोश भी पनप रहा है।



सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक हॉट मेटल से भरे हुए लेडल को स्टील मेल्टिंग शॉप-2 के कनवर्टर 3 से क्रेन के माध्यम से एलएफ-2 ले जाया जा रहा था। तभी लेडल के एक तरफ का हुक खुल गया और पिघला लोहे से भरा लेडल छिटक गया। बड़ी मात्रा में गर्म लोहा गिरने से वहां काम कर रहे 4 कर्मचारी इसकी चपेट में आ गए और झुलस गए। लेडल में ब्लास्ट भी हुआ। पिघला लोहा गिरने से वहां आग भी लग गई। सूचना मिलते ही संयंत्र की फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग को बुझाने में लग गई। हादसे में एक बीएसपी कर्मचारी और 3 ठेका मजदूर झुलसे हैं।

बताया जा रहा है कि झुलसे हुए चारों कर्मचारियों को गंभीर हालत में भिलाई इस्पात संयंत्र के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में बीएसपी कर्मी चंद्रशेखर साहू, संजय कुमार, शैलेंद्र सिंह और योगेश कुमार शामिल हैं। इस हादसे में झुलसे 2 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। बता दें कि भिलाई इस्पात संयंत्र में 4 दिनों में 3 बड़े हादसे लगातार हो चुके हैं। पहले हादसे में एक बीएसपी कर्मी की मौत हो गई है, वहीं एक गंभीर हैं। इसी तरह दूसरे दिन स्स्र-2 में ब्लास्ट होने से मानसिंह ठाकुर (58 वर्ष) और ठेका कर्मचारी गिरी कुमार और भूषण लाल घायल हो गए। शनिवार को हुए हादसे में फिर 4 कर्मचारी बुरी तरह झुलस गए हैं।

# 21 अधिकारियों की सेवा समाप्ति के आदेश पर बिफरा मनरेगा संघ

## छत्तीसगढ़ के 12 हजार कर्मियों का सामूहिक इस्तीफा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के 12 हजार से अधिक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) कर्मचारियों ने आंदोलन के 62वें दिन वादा निभाओ महारैली निकालकर शासन को सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया है, जिससे विभाग में हड़कंप मच गया है।



21 सहायक परियोजना अधिकारियों की सेवा समाप्ति से आक्रोशित कर्मचारियों ने यह कदम उठाया है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहला मामला होगा कि किसी भी कर्मचारी संगठन ने इस तरह का विरोध किया होगा। 21 अधिकारियों की बर्खास्तगी आदेश को संवैधानिक बताते हुए मनरेगा कर्मियों ने शासन के आदेश की प्रतियां भी जलाई। रैली में प्रदेशभर से 10 हजार से अधिक कर्मचारी शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रांत अध्यक्ष चंद्रशेखर अग्निवंशी एवं कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम कुर्रे ने बताया कि सहायक परियोजना अधिकारी की बर्खास्तगी के आदेश की महासंघ घोर निंदा करता है। इसे तत्काल निरस्त नहीं करने के कारण सामूहिक इस्तीफा का कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि शासन कार्रवाई करके हमें डराना चाहती है। आंदोलन को खत्म करना चाहती हैं, लेकिन यह रणनीति नहीं चलेगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार ने अपने जनघोषणा पत्र में यह वादा किया गया था कि सभी संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण एवं किसी भी संविदा कर्मचारी की छटनी नहीं की जाएगी।

### चुनावी घोषणा पत्र के वादों को नहीं किया पूरा

संघ का कहना कि दो सूत्रीय मांग को चुनावी जन घोषणा पत्र में कांग्रेस ने शामिल किया था। सभी मनरेगाकर्मियों का नियमितीकरण किया जावे एवं नियमितीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने तक सिविल सेवा नियम 1966 के साथ पंचायत कर्मी नियमावली लागू किया जाए।

### हड़ताल से गरीबों-मजदूरों को नहीं मिला काम

*कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि मनरेगा कर्मियों को जिद छोड़कर काम पर लौटना चाहिए। उनके स्ट्राइक को दो महीना हो गया। यही दो महीने में छत्तीसगढ़ में मनरेगा से काम होना था। छत्तीसगढ़ में 26 लाख मानव दिवस तक काम हमने पहुंचाया था। इनके स्ट्राइक के कारण गरीबों, मजदूरों और प्रदेश के लोगों को कितना नुकसान हुआ इसका आकलन ये लोग नहीं कर सकते। इसके बाद भी उदारता बरतते हुए सीएम भूपेश बघेल ने चर्चा कर एक हाई लेवल कमेटी बनाई है।*

# 12 लाख का मुनाफा कमाने वाली समूह की अध्यक्ष नरेश्वरी कोठवार ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

### डोंडे के दो समूहों ने मिलकर कमाए 12 लाख, गौठान दे रहे हैं रोजगार और अच्छी कमाई के अवसर



**नरेश्वरी ने खुद गोबर बेचकर कमाए हैं 80 हजार, बेटे के लिए खरीदी है मोटर सायकल**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी नरवा, गरवा, घुरवा, बारी कार्यक्रम के अंतर्गत गांव-गांव में स्थापित गौठान ग्रामीणों को रोजगार और अच्छी कमाई का मौका दे रहे हैं।

कांकेर जिले के पखांजूर तहसील के डोंडे गांव के दो समूहों ने मिलकर अपने गांव के गौठान में विभिन्न रोजगारपरक कार्यों से 12 लाख रुपए कमाए हैं। डोंडे की सदगुरु स्वसहायता समूह की महिलाएं गांव के कृषक कल्याण समिति के साथ मिलकर वर्मी कंपोस्ट, सुपर कंपोस्ट और गोबर के दीए बनाने के साथ ही मछलीपालन, मशरुम उत्पादन और सब्जी की खेती कर रही हैं। समूह की अध्यक्ष श्रीमती नरेश्वरी कोठवार ने गौठान में रोजगार और कमाई का अच्छा जरिया देने के लिए आज पखांजूर में भेंट-मुलाकात में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया। कोयलीबेड़ा विकासखंड के हरनगढ़ ग्राम पंचायत के आश्रित गांव डोंडे की श्रीमती नरेश्वरी कोठवार ने बताया कि उनका समूह गांव के ही डोंडे कृषक कल्याण समिति के साथ मिलकर गौठान में कई काम कर रही हैं।

छत्तीसगढ़ में टूटा गर्मी का रिकॉर्ड-

# मुंगेली में 47.6 डिग्री पहुंचा पारा, अब तक इतना तापमान कहीं दर्ज नहीं

### रायपुर में 45 डिग्री सेल्सियस

**रायपुर।** मानसून आने से पहले छत्तीसगढ़ में गर्मी का रिकॉर्ड टूट गया है। ARG (ऑटोमेटिक रेन गेज) मुंगेली में शनिवार को अधिकतम तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस मापा गया। इससे पहले इतनी अधिक गर्मी छत्तीसगढ़ के किसी केंद्र पर रिकॉर्ड नहीं हुई थी। इसको अब तक का सर्वाधिक अधिकतम तापमान माना जा रहा है।



छत्तीसगढ़ में जून महीने में अब तक का सबसे अधिक तापमान 47.2 डिग्री सेल्सियस मापा गया है। रायपुर में यह 11 जून 1931, एक जून 1988 और 8 जून 1995 को रिकॉर्ड किया गया था। बिलासपुर में दो जून 2012 को यह रिकॉर्ड हुआ। वहीं जांजगीर-चांपा में भी तीन जून 1978 को अधिकतम तापमान 47.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था। इस साल इस महीने का अधिकतम तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा है। इसे तीन जून को मुंगेली में रिकॉर्ड किया गया था।

एक दिन बाद मुंगेली ने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। हालांकि मुंगेली, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ जैसे जिलों में भीषण गर्मी पड़ती है, लेकिन अबसे पहले भी मुंगेली कभी इतना गर्म हुआ था, इसका रिकॉर्ड नहीं है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया, मुंगेली में अभी हाल ही में ऋन्न लगाया गया है। वह भी कुछ सालों तक खराब रहा। इसकी वजह से वहां के तापमान के आधिकारिक आंकड़े मौसम विभाग के पास नहीं है।

### रायपुर में गर्मी ने झुलसाया

राजधानी रायपुर में भी सुबह से ही भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से लोग झुलसते रहे। रायपुर में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस मापा गया।

### (भिलाई) वाहन की ठोकर से बीएसपी कर्मचारी की मौत

भिलाई, 04 जून (आरएनएस)। भिलाई स्टील प्लांट के रेल मिल फिनिशिंग एरिया में काम करने वाले तुलसी राम जांगड़े (58 साल) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जांगड़े बीएसपी में सीनियर रेल प्रोसेसर पर कार्यरत थे और बीती रात नाइट शिफ्ट में ड्यूटी के लिए पाटन से भिलाई जा रहे थे। इसी दौरान कोई अज्ञात वाहन उन्हें टक्कर मारकर भाग गया। पाटन पुलिस मामले की जांच कर रही है। पाटन टीआई शिवानंद तिवारी ने बताया कि बीएसपी कर्मी तुलसी राम जांगड़े की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जांगड़े पाटन थाना अंतर्गत दरबार मोखली में रहते थे। क्स्क के रेल मिल में उनकी नाइट शिफ्ट में ड्यूटी लगी थी। वह रोज मोटरसाइकिल से अप-डाउन करके ड्यूटी करते थे। रोज की तरह शुक्रवार को भी भिलाई ड्यूटी के लिए निकले थे। घर से कुछ किलोमीटर आगे ही गए थे कि दुर्ग पाटन रोड में किसी चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

पोड़गांव में भेंट-मुलाकात- अंतागढ़ में अपर कलेक्टर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की होगी पदस्थापना

# अंतागढ़ में तहसील कार्यालय की घोषणा

### भूमि की ऊर्वरता के लिए कंपोस्ट खाद बनाने और इस्तेमाल करने की अपील

रायपुर। मुख्यमंत्री ने कहा किसानों का संतोष ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता हैमुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज अंतागढ़ विधानसभा के दौरे पर रहे और इसका पहला चरण पोड़गांव में ग्रामीणों से भेंट मुलाकात का था।




मुख्यमंत्री ने लोगों की मांग पर अंतागढ़ में अपर कलेक्टर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की पदस्थापना करने की घोषणा की। उन्होंने अंतागढ़ में तहसील कार्यालय भवन की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में अंतागढ़ पोड़गांव से टेमरूपानी रोड के चौड़ीकरण के साथ ही आमाबेड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की घोषणा की। उन्होंने अंतागढ़ गोल्डन चौक से बिजली आफिस तक माडल रोड निर्माण, ग्राम पंचायत बंडापाल बालक बालिका मिडिल स्कूल आश्रम, उपस्वास्थ्य केंद्र भैंसासुर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की घोषणा के साथ ही ग्राम पंचायत बड़े गोपाल में नवीन आंगनबाड़ी की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने पोड़गांव हायर सेकेंडरी स्कूल के नवीन भवन के साथ ही गुडरापारा में पुलिया निर्माण की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री पोड़गांव पहुंचकर छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना की और जैसे ही मुख्यमंत्री ने खेती-किसानी पर किसानों से चर्चा करनी आरंभ की, वैसे ही आमाबेड़ा के किसान सोनू ने अपनी बात मुख्यमंत्री के सामने रख दी। सोनू ने कहा कि मुख्यमंत्री जी, राजीव गांधी न्याय योजना के माध्यम से हम सबको अपनी फसल का उचित मूल्य मिल पाया है। किसानों के लिए इतनी संवेदनशीलता से सोचने के लिए आपका धन्यवाद। पता चला कि आप हमारे गांव आ रहे हैं तो आपको भेंट देने मैं अपने खेतों में उगाया ब्लैक राइस लाया हूँ।

भेंट-मुलाकात के दौरान सरेंडी गांव के तलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री जी, आप वायदे के पक्के हैं। मेरा कर्जा भी माफ हुआ और न्याय योजना का लाभ भी मिला। जब जब पैसे की जरूरत होती है न्याय योजना का पैसा खाते में आ जाता है और चिंता दूर हो जाती है। मुख्यमंत्री ने इस पर खुशी जताते हुए कहा कि किसानों का संतोष ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों की कर्जमाफी हुई और उत्पादन का उचित दाम मिला जिसके चलते वे खेती की बेहतरी के लिए निर्णय ले पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने किसानों से कहा कि कोरोना के चलते बारदाने की फैक्ट्री बंद थी।

**घोषणा...** पखांजूर में भेंट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की महत्वपूर्ण घोषणा

# पखांजूर में खुलेगा कृषि महाविद्यालय, बांदे को मिला पूर्ण तहसील का दर्जा

रायपुर। भेंट मुलाकात कार्यक्रम के लिए अंतागढ़ विधानसभा के पखांजूर पहुंचे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पखांजूर में कृषि महाविद्यालय आरंभ करने और बांदे को पूर्ण तहसील का दर्जा देने जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।



उन्होंने कोयलीबेड़ा में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने और परलकोट जलाशय के जीर्णोद्धार जैसी घोषणाएं भी की। इसके साथ ही पखांजूर में मुख्य मार्ग में 4 किमी का गौरवपथ बनाने, कंदारी में उपस्वास्थ्य केंद्र और बालक-बालिका आश्रम बनाने, दिव्यांग निताई मंडल की मदद देने तथा राशन कार्ड के लिए विशेष शिविर लगाने की घोषणा की। पखांजूर के एक युवक सोमेन ने मुख्यमंत्री से कहा कि पहले शहर के स्टेडियम का नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर था। पंद्रह साल पहले इसका नाम बदल कर पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर कर दिया गया। हम चाहते हैं कि इसका नाम पुनः नेता जी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर कर दिया जाए। सोमेन के कहने का ताली बजाकर उपस्थित जनसमूह ने समर्थन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने स्टेडियम का नाम नेता जी सुभाष चंद्र बोस के नाम पर रखने की घोषणा की। सोमेन ने ही मुख्यमंत्री को बताया कि क्षेत्र में परलकोट जलाशय पर खेरकट्टा बांध बना है पर बांध की स्थिति ठीक नहीं है। बांध की मरम्मत और जीर्णोद्धार की जरूरत है। बांध के जीर्णोद्धार से क्षेत्र के कई गांवों में पानी और सिंचाई की सुविधा मिल जाएगी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस बार भी तत्काल निर्णय लिया और परलकोट जलाशय के गहरीकरण तथा खेरकट्टा बांध के जीर्णोद्धार को मंजूरी दे दी।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर



बच्ची के साथ सरेंडर करने आई महिला नक्सली कमांडर

# 5 लाख रुपये का था इनाम, बोली- माओवादी संगठन में होता है दुर्व्यवहार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शनिवार को 5 लाख की इनामी हार्डकोर महिला नक्सली ने एसपी के सामने सरेंडर कर दिया है। समर्पण के दौरान महिला नक्सली अपनी बच्ची को साथ लेकर आई थी। समर्पित नक्सली का नाम सोमली सोढ़ी उर्फ वनिता है और वह केरलापाल एरिया कमेटी की एलओएस कमांडर थीं। महिला नक्सली ने सरेंडर का कारण संगठन में महिला माओवादियों के साथ दुर्व्यवहार होना बताया है।




बीजापुर एसपी आंजनेय वैष्णव ने बताया कि सरेंडर करने वाली 5 लाख की महिला नक्सली का पति भी संगठन में सक्रिय था। उसके पति ने भी सरेंडर किया था। सोमली के पति का नाम मुइया है। वह केरलापाल एरिया कमेटी का सचिव था। उसकी गिनती दुर्दांत नक्सलियों में होती थी। उस पर 15 लाख रुपये से ज्यादा का इनाम था। संगठन में रहते हुए सोमली ने मुइका से शादी की और उनसे एक बच्ची भी है। आत्मसमर्पित महिला नक्सली 2003 से अब तक फोर्स को नुकसान पहुंचाने, जवानों की हत्या, लूट, आगजनी, मुठभेड़, सरकारी संपत्ति को नुकसान सहित 8 बड़ी घटनाओं में शामिल रही है। एसपी ने बताया कि सरेंडर करने वाली महिला नक्सली को शासन की पुनर्वास नीति का लाभ दिया जाएगा।

# तो कैसे बचेगी पृथ्वी? प्रकृति के साथ न्यायोचित व्यवहार मनुष्य के अस्तित्व के लिए जरूरी

प्रसिद्ध वैज्ञानिक विलियम रूकेल्सहॉस का एक कथन है– 'प्रकृति दोपहर का भोजन मुफ्त करती है लेकिन केवल तभी, जब हम अपनी भूख को नियंत्रित कर लें। विश्व पर्यावरण दिवस 2022 अभियान 'केवल एक पृथ्वी' का नारा 'प्रकृति के साथ सद्भावनापूर्ण व्यवहार' पर केंद्रित है। प्रतिवर्ष 5 जून को मनाया जाने वाला यह दिन पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ जीवन में सक्रिय भागीदारी के महत्व पर जोर देता है।

संयुक्त राष्ट्र संघ का संदेश लोगों को प्रेरित करने के साथ-साथ उन्हें शिक्षित भी करता है कि पर्यावरण का संरक्षण क्यों जरूरी है? पर्यावरण बचाने की चिंता सबसे पहले 1972 के संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में व्यक्त की गई थी। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के नेतृत्व में अपनी स्थापना के बाद से, विश्व पर्यावरण दिवस 1973 से प्रतिवर्ष 5 जून को मनाया जाता है और इस अभियान में लगातार सक्रिय प्रयासों की आवश्यकता पर काफी जोर दिया जा रहा है। आंकड़ों पर गौर करें तो यह पाते हैं कि प्रतिदिन 6 अरब कचरा समुद्र में छोड़ा जाता है। प्रदूषण के कारण भारत को प्रति वर्ष 2 लाख करोड़ रुपये के नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। प्रदूषित पानी पीने से हर 8 सेकेंड में एक बच्चे की मौत हो जाती है। पिछले 8 दशकों में, 28त्न वनों की कटाई की गई। 1 वर्ष के लिए पृथ्वी के संसाधनों का 7 माह में उपभोग किया जा रहा है।

यह स्थिति बताती है कि प्रकृति को हल्के में लेना हमारे लिए घातक है। यह बेपरवाही केवल मनुष्य के लिए ही नहीं बल्कि समग्र सृष्टि के लिए खतरनाक है। प्रकृति को हल्के में न लेते हुए उसके संकेतों को पढ़ना आवश्यक है। हम जिस हवा में सांस लेते हैं, जो पानी पीते हैं, सूरज की जो किरणें हम तक पहुँचती हैं और जो भोजन हर दिन हम खाते हैं, वे सभी पर्यावरण की देन हैं। ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि उनका सम्मान किया जाए और उनके मूल्यों को समझा जाए।

पारिस्थितिकी के लिए जितना जरूरी एक जीवाणु है उतना ही जरूरी बड़े कशेरुक भी हैं। इसलिए जैव विविधता का संरक्षण काफी महत्त्वपूर्ण है। सबका अस्तित्व एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। जैव विविधता के नुकसान पर हमें सचेत होना होगा क्योंकि पृथ्वी का अस्तित्व जैव विविधता पर ही टिका हुआ है। एक पृथ्वी की निर्मिति में इसकी अहम भूमिका है। पृथ्वी पर मौजूद संसाधनों के अन्यायपूर्ण दोहन पर रोक लगाने की जरूरत है।




विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक शोध के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण वातावरण में गर्मी बढ़ती जाएगी और कुपोषण में वृद्धि होगी। एक अनुमान है कि इससे वर्ष 2030 और 2050 के बीच प्रति वर्ष लगभग 2,50,000 मौतें होंगी.

भारत का नाम दुनिया के 15 सबसे प्रदूषित शहरों के देश में शुमार है। अध्ययनों से पता चलता है कि भारत में लगभग 700 मिलियन लोग प्रदूषित हवा के बीच जीवन-यापन कर रहे हैं। कोरोना महामारी ने हमें जिस हाल में लाकर खड़ा किया है वह चिंतनीय है। एक रिपोर्ट के अनुसार वायु प्रदूषण के कारण समय के पहले मौतें हो रही हैं और यह अब तक का शीर्ष रिकॉर्ड है। राष्ट्रों के लिए अच्छी अर्थव्यवस्था की आवश्यकता जरूर है लेकिन लोगों का स्वस्थ रहना और स्वस्थ वातावरण में रहना भी उतना ही जरूरी है। हमें यह समझना होगा कि अर्थव्यवस्था प्रकृति का विकल्प कभी नहीं बन सकती।

अनियंत्रित ग्रीन हाउस गैस हमारे स्वास्थ्य और हमारे जीवन के लिए सबसे बड़ा जोखिम हैं। जलवायु परिवर्तन का कारण बनने वाली ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करके हम प्रदूषण में कटौती कर सकते हैं। जलवायु परिवर्तन से जुड़ी स्वास्थ्य चेतावनियां नजर अंदाज करने योग्य नहीं हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक शोध के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण वातावरण में गर्मी बढ़ती जाएगी और कुपोषण में वृद्धि होगी। एक अनुमान है कि इससे वर्ष 2030 और 2050 के बीच प्रति वर्ष लगभग 2,50,000 मौतें हो सकती हैं। आज पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली वैज्ञानिकों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं की प्रमुख चिंताओं में से है। पारिस्थितिक तंत्रों बहाली में नष्ट हो चुके पारिस्थितिक तंत्रों का पुनर्विकास और उनका संरक्षण ही एक मात्र रास्ता है जिससे अभी भी इस दिशा में हम बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। समृद्ध जैव विविधता के साथ स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र, अधिक उपजाऊ मिट्टी, लकड़ी और मछली की बड़ी पैदावार, और ग्रीन हाउस गैसों के बड़े भंडार जैसे उपाय इस अभियान में सहायक हो सकते हैं। इसके अलावा सक्रिय वृक्षारोपण से भी प्रकृति के संरक्षण में मदद मिलेगी। ईश्वर ने हमें एक धरती दी है, हमने उसे विविधता दी लेकिन धीरे-धीरे तमाम तरह की हमारी गतिविधियों ने शुद्ध प्रकृति को बिगाड़ दिया। जैव विविधता घटती चली गई और मनुष्य ने पृथ्वी पर प्रदूषण का भार लगातार बढ़ाया। भूमि, जल, वायु हर तरह प्रदूषण से पूरी दुनिया अट गई है। आज वायु प्रदूषण, खराब अपशिष्ट प्रबंधन, पानी की बढ़ती कमी, गिरता भूजल स्तर, जल प्रदूषण, वनों की अंधाधुंध कटाई, जैव विविधता की हानि और मिट्टी का क्षरण भारत के लिए प्रमुख पर्यावरणीय मुद्दे हैं।

राजगोपालन

## संपादकीय

### पंजाब में बिगड़ते हालात

अगर यह हाल में अकेली ऐसी घटना होती, तो इसे महज एक बुरा संयोग मान कर सरकार को संदेह का लाभ दिया जा सकता था। लेकिन हकीकत यह है कि जब से भगवंत मान सरकार सत्ता में आई है, पंजाब में एक नई किस्म की अफरातफरी देखने को मिल रही है।

पंजाबी गायक शुभदीप सिंह सिदधू उर्फ सिद्धू मूसे वाला की हत्या से पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार को कठघरे में खड़ा करने के पर्याप्त तर्क हैँ। अगर यह हाल में अकेली ऐसी घटना होती, तो इसे महज एक बुरा संयोग मान कर सरकार को संदेह का लाभ दिया जा सकता था। लेकिन हकीकत यह है कि जब से भगवंत मान सरकार सत्ता में आई है, पंजाब में एक नई किस्म की अफरातफरी देखने को मिल रही है। ऐसा लगता है कि वहां सारी व्यवस्था ढहती जा रही है। सड़कों पर खुलेआम खालिस्तान के पक्ष में नारे लगाने और कथित खालिस्तान के समर्थकों और विरोधियों में खुल कर हिंसक टकराव होना इस स्थिति का एक पक्ष है। दूसरा पक्ष आम प्रशासन में गिरावट के रूप में देखने को मिल रहा है। मूसे वाला के मामले में सरकार इसलिए सवालों के घेरे में है, क्योंकि उसने उन्हें पहले से मिली सुरक्षा को हटाने का फैसला किया। उसका जो नतीजा हुआ, उससे जाहिर है कि सरकार के सुरक्षा आकलन की क्षमता या इसका सिस्टम बेहद लचर है। मशहूर लोगों को सरकारी सुरक्षा मिलनी चाहिए या नहीं, यह दीगर बहस का मुद्दा है। अगर यह नहीं मिलनी चाहिए, तो फिर देश के सबसे बड़े उद्योगपति से लेकर ऊंचे पदों पर बैठे राजनेता तक से इसे वापस लिया जाना चाहिए।

# राजनैतिक संस्कृति सुधरने के बजाय बिगड़ी !

आठ साल पहले नरेंद्र मोदी जब प्रधानमंत्री बने थे तब उन्होंने देश में नई राजनीतिक संस्कृति शुरू करने का वादा किया था। उन्होंने कांग्रेस मुक्त भारत का नारा दिया था, जिसकी एक व्याख्या यह की गई कि वे कांग्रेस की राजनीतिक संस्कृति से देश को मुक्त करना चाहते हैं। यह बड़ा मनभावन नारा था क्योंकि इस हकीकत से किसी को इनकार नहीं होगा कि आजादी के बाद सात दशक में सभी राजनीतिक दल किसी न किसी रूप में कांग्रेस की कार्य संस्कृति को अपना चुके थे- यहां तक कि भाजपा भी।

तभी संघ-भाजपा के विचारक गोविंदाचार्य ने भाजपा को भगवा कांग्रेस कहना शुरू कर दिया था। जब नरेंद्र मोदी ने राजनीति को बदलने की बात कही तो यह उम्मीद बंधी थी कांग्रेस की राजनीतिक संस्कृति से देश को मुक्ति मिलेगी। पार्टियों की राजनीतिक संस्कृति के साथ साथ प्रधानमंत्री मोदी ने दशकों से चली आ रही राजनीतिक कुरीतियों को भी खत्म करने का संकल्प जताया था और इसका एक रोडमैप भी सामने रखा था। उनके दूसरे कार्यकाल के तीन साल पूरे होने के मौके पर उनकी उपलब्धियों का लेखा-जोखा करते हुए आर्थिक, सामाजिक, सामरिक व वैश्विक नीतियों के साथ साथ इस पर भी चर्चा होनी चाहिए कि राजनीति कितनी बदली।




देश की राजनीति को बदलने के लिए मोदी ने जो रोडमैप रखा था, उसमें चार बातें मुख्य थीं। पहली बात देश के सारे चुनाव एक साथ कराने की थी क्योंकि हर साल चुनाव होने से विकास की गतिविधियां प्रभावित होती हैं। दूसरी बात राजनीति की ऊपर से सफाई करने की थी। उन्होंने कहा था कि वे नीचे से नहीं, बल्कि ऊपर से राजनीति की सफाई करेंगे और सबसे पहले दागी-आरोपी नेताओं को सजा दिलाएंगे। तीसरी बात राजनीतिक चंदे को पारदर्शी बनाने की थी और चौथी बात राजनीति को वंशवाद-परिवारवाद से मुक्त करके उसे समावेशी बनाने की थी। कहने की जरूरत नहीं है कि ये चारों बातें भारतीय राजनीति को स्वच्छ बनाने के लिए जरूरी हैं। लेकिन अगर आठ साल का इतिहास देखें तो पता चलता है कि इनमें से किसी एजेंडे पर आंशिक रूप से भी अमल नहीं हुआ है।

सबसे पहले एक साथ चुनाव की बात करते हैं। नरेंद्र मोदी ने अनेक बार एक देश, एक चुनाव की बात कही है। चुनाव आयोग भी उनकी इस बात से हर बार सहमति जताता है। लेकिन पिछले आठ साल में एक ठोस पहल चुनाव आयोग की ओर से यह हुई है कि आयोग ने हर चुनाव के लिए एक कॉमन वोटर लिस्ट बनाने का फैसला किया है। इसके अलावा कोई फैसला या कोई पहल ऐसी नहीं हुई है, जिससे लगे कि आने वाले दिनों में सारे चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। अभी सारे चुनाव एक साथ कराने की बाधाओं और उसके गुण-दोष पर चर्चा नहीं हो रही है। वह अलग मुद्दा है लेकिन हकीकत यह है कि इस दिशा में रत्ती भर भी पहल नहीं हुई है। इसी साल की मिसाल है, जब फरवरी-मार्च में पांच राज्यों में चुनाव हुए हैं और नवंबर में हिमाचल प्रदेश में व दिसंबर में गुजरात में चुनाव होने हैं। गुजरात और हिमाचल दोनों राज्यों में भाजपा की सरकार है और अगर भाजपा चाहती तो इन दोनों राज्यों के चुनाव फरवरी-मार्च में पांच राज्यों के साथ हो सकते थे। इसमें किसी विपक्षी पार्टी की सरकार से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं थी। एक साथ चुनाव कराने की दिशा में यह एक पहल होती। ऐसे ही अगले साल फरवरी में पूर्वोत्तर के कई राज्यों में चुनाव है। उसके बाद मई में कर्नाटक में चुनाव है और साल के अंत में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के चुनाव हैं। हकीकत यह है कि पिछले आठ साल में राज्यों के चुनाव को आगे-पीछे करके, ज्यादा से ज्यादा राज्यों में एक साथ चुनाव कराने की कोई पहल नहीं हुई है।

दूसरी बात दागी-आरोपी नेताओं को सजा दिला कर राजनीति की ऊपर से सफाई की है तो इस मामले में भी रत्ती भर तरक्की नहीं हुई है। नेताओं से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की पहल जरूर हुई लेकिन वह पहल सिरे नहीं चढ़ सकी। एकमात्र नेता, जिनको सजा होने की चर्चा की जा सकती है तो वो लालू प्रसाद हैं।

अजीत द्विवेदी

## मिला जुला

# कश्मीर में टारगेट किलिंग रोकने के लिए सरकार ने बनाया 'चक्रव्यूह'

## अगले कुछ दिनों में दिख सकता है असर

**नई दिल्ली।** घाटी में एक बार फिर 1990 की तरह हिंदुओं को चुन-चुनकर निशाना बनाया जा रहा है। अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय डरा हुआ है। ऐसे में केंद्र सरकार ने आतंकियों के खिलाफ रणनीतिक चक्रव्यूह तैयार करने का फैसला किया है। इसके लिए जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा के पूरे ढांचे को बदलने की तैयारी है। केंद्रशासित प्रदेश में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बेस्ट पुलिसकर्मियों की पहचान कर उन्हें कम समय में स्पेशल ट्रेनिंग दी जाए। जम्मू-कश्मीर पुलिस के इन स्पेशल जवानों को थाने स्तर पर स्॥ह्र और अन्य महत्वपूर्ण पदों पर तैनात किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में घाटी में कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान 'सॉफ्ट टारगेट' हत्याओं को रोकने के लिए



पुलिस तंत्र को मजबूत करने पर फोकस किया गया। शाह ने एक के बाद एक जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा और आगामी अमरनाथ यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक की है। इसमें उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, द्मस्न अजीत डोभाल, गृह सचिव अजय कुमार भल्ला, खुफिया ब्यूरो के प्रमुख अरविंद कुमार, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक कुलदीप सिंह, सीमा सुरक्षा बल के प्रमुख पंकज सिंह, जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह सहित प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया।

### आतंकी हमलों का नया पैटर्न

हाल में की गई हत्याएं एक नए पैटर्न को दिखाती हैं। कम महत्व के टारगेट को युवाओं ने पिस्टल से निशाना बनाया। ये हमलावर अब तक पुलिस या खुफिया एजेंसियों के रेडार पर भी नहीं थे और ये हाइब्रिड आतंकियों की एक नई नस्ल के रूप में उभरे हैं। ये ऐसे लोग होते हैं जो अचानक आसान लक्ष्य को टारगेट करते हैं और फिर समाज में घुलमिल जाते हैं। इन हमलों को अमरनाथ यात्रा में बाधा पहुंचाने के एक संगठित प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है।

इस पर गौर किया गया है कि पहचाने गए मतलब एजेंसियों के रेडार पर मौजूद आतंकवादी अब हाइब्रिड आतंकियों का सहारा ले रहा हैं क्योंकि इनके लिए हाई-वैल्यू टारगेट को निशाना बनाना मुश्किल हो सकता है।

### कुछ दिनों में हो सकती है ताबड़तोड़ गिरफ्तारी

सूत्रों का कहना है कि नई रणनीति के तहत अगले कुछ दिनों में माहौल खराब करने वाले स्थानीय लोगों, छोटे अपराधियों और आतंकियों से हमदर्दी रखने वाले लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया जा सकता है। इसी तरह के कदम अक्टूबर 2021 में उठाए गए थे जब नागरिकों की हत्याओं का यही पैटर्न देखा गया था।

**लोकसभा उपचुनाव**

### आजमगढ़ से बीजेपी ने फिर 'निरहुआ' को उतारा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने लोकसभा उपचुनाव के लिए आजमगढ़ से भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' को उम्मीदवार बनाया हैं. 2019 के लोकसभा चुनाव में भी दिनेश लाल यादव को भाजपा ने आजमगढ़ सीट से उतारा था. हालांकि वो चुनाव हार गए थे. इसके अलावा पार्टी ने रामपुर सीट से अपने प्रत्याशी का नाम तय कर दिया है. रामपुर से बीजेपी का चेहरा घनश्याम लोधी होंगे. बता दें कि आजमगढ़ सीट अखिलेश यादव और रामपुर सीट आजम खान के लोकसभा सदस्य पद से इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। शुक्रवार को निरहुआ ने अपनी दावेदारी के लिए ट्विटर पोस्ट भी किया था। इस पोस्टर के माध्यम से दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि जाति धरम न कवनो भरम, न कौवनौ मनबढ़ के लिए, कमल का बटन दबईह भैय्या, अपने आजमगढ़ के लिए. इस तरह के स्लोगन के जरिए निरहुआ ने बाहुबलियों की तरफ इशारा करते हुए उपचुनाव में जिले की जनता से भाजपा को जिताने की अपील की थी।

### कानपुर की घटना पर सीएम योगी बोले- माहौल बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटेंगे



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में शुक्रवार को दो पक्षों के बीच हिंसक घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाराजगी जताई है. सीएम ने देर शाम अफसरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की और प्रदेश की कानून व्यवस्था की समीक्षा की और सीएम ने अफसरों को सख्त हिदायत दी है और कानपुर की घटना में बिना किसी रियायत के कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अराजकता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी. प्रदेश में शांति का माहौल बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाए. कानपुर में आज दो समुदायों के बीच हुए तनाव को लेकर मुख्यमंत्री ने वहां के पुलिस कमिश्नर को दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा. उन्होंने कहा कि शांति में खलल पैदा होने पर हर स्तर पर जिम्मेदारी तय की जाएगी. सीएम योगी शुक्रवार रात वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये प्रदेश के कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे. उन्होंने विशेष तौर पर कानपुर में हुई घटना की जानकारी ली और पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए. इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी जिलों में प्रशासन और पुलिस के अधिकारी छोटी से छोटी घटना को गंभीरता से लें. सूचना के अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### देश में अब तक 193 करोड़ 96 लाख से अधिक कोविड रोधी टीके लगे

**नईदिल्ली ।** भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज अंतिम रिपोर्ट के अनुसार 193.96 करोड़ से अधिक हो गया। इस उपलब्धि को 2,47,05,065 टीकाकरण सत्रों के जरिये प्राप्त किया गया है।

12-14 आयु वर्ग के लिए कोविड-19 टीकाकरण 16 मार्च, 2022 को प्रारंभ हुआ था। अब तक 3.43 करोड़ से अधिक किशोरों को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगाई गई है। समान रुप से 18-59 आयु वर्ग के लिये प्रीकॉशन खुराक भी 10 अप्रैल, 2022 को प्रारंभ की गई थी।

भारत में सक्रिय मामले आज 22,416 हैं। सक्रिय मामले, कुल पॉजिटिव मामलों के 0.05 प्रतिशत हैं। नतीजतन, भारत में स्वस्थ होने की दर 98.73 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटों में 2,697 रोगियों के ठीक होने के साथ ही स्वस्थ होने वाले मरीजों (महामारी की शुरुआत के बाद से) की कुल संख्या बढ़कर 4,26,25,454 हो गई है। बीते 24 घंटे में कोरोना के 3,962 नए मामले सामने आएं। पिछले 24 घंटों में कुल 4,45,814 जांच की गई हैं। भारत ने अब तक कुल 85.22 करोड़ से अधिक जांच की गई हैं। देश में साप्ताहिक पुष्टि वाले मामलों की दर 0.77 प्रतिशत है और दैनिक रूप से पुष्टि वाले मामलों की दर 0.89 प्रतिशत है।

### अनशन पर बैठे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद- ज्ञानवापी में पूजा करने से पुलिस ने रोका

**वाराणसी।** ज्ञानवापी में पूजा करने से रोके जाने पर शनिवार को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती श्रीविद्या मठ के गेट पर अनशन पर बैठ गए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक ज्ञानवापी में प्रकट हुए आदि विश्वेश्वर के शिवलिंग की पूजा नहीं करेंगे, तब तक अन्न-जल भी नहीं लेंगे। उनका कहना है, 'ज्ञानवापी में मिला शिवलिंग हमारे आदि विश्वेश्वर का पुराना ज्योतिर्लिंग है। देवता की पूजा इसलिए की जाती है, क्योंकि उसमें प्राण होते हैं। भगवान को भूखा-प्यासा नहीं रखा जा सकता है। उनका स्नान, शृंगार, पूजा, भोग-राग नियमित होना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा- 'हमारी छोटी सी मांग है कि हमें हमारे आराध्य की दिन में एक बार पूजा करने दें। पुलिस के लोग हमारा रास्ता रोक कर खड़े हो गए हैं। पुलिस अपना काम करेगी, हम अपना काम करेंगे। पूजा का अधिकार प्रत्येक सनातन धर्मी का मौलिक अधिकार है। वह ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति के लिए अपने वकील रमेश उपाध्याय के जरिये जिला जज की कोर्ट में याचिका दाखिल करेंगे'। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने दोबारा कमिश्नरेट की पुलिस से ज्ञानवापी परिसर में पूजा की अनुमति मांगी।



**राज्यसभा चुनाव**

### कांग्रेस विधायकों ने बढ़ाई पार्टी की धड़कनें, कहा- नहीं मिल रहा है उचित सम्मान

**नई दिल्ली।** राजस्थान और हरियाणा में राज्यसभा चुनाव को लेकर सस्पेंस शुक्रवार को भी जारी रहा। कांग्रेस पहले ही अपने विधायकों को पार्टी शासित राज्यों के दोनों शहरों उदयपुर और रायपुर में होटलों में भेज चुकी है। राजस्थान में विधायकों के एक वर्ग ने आरोप लगाया कि उन्हें वह सम्मान नहीं मिल रहा है जो उन्हें मिलना चाहिए। इसके बाद पार्टी में बेचैनी के संकेत दिखाई दिए हैं।

सैनिक कल्याण राज्य मंत्री राजेंद्र गुढ़ा उन विधायकों में से एक हैं, जिन्होंने बहुजन समाज पार्टी के प्रतीक पर 2018 का विधानसभा चुनाव जीता और 2019 में कांग्रेस में शामिल हो गए। गुढ़ा ने दावा किया कि अलग हुए समूह के साथ सम्मान के साथ व्यवहार नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'विधायकों (जिनका कांग्रेस में विलय हो गया) को वह सम्मान नहीं मिल रहा जिसके वे हकदार हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सम्मान के बारे में बहुत कुछ बोलते हैं लेकिन बेहतर होता कि वह हमारे साथ बैठकर हमारी चिंताओं के बारे में बात करते। गुढ़ा और चार अन्य विधायक अभी तक उदयपुर के उस लग्जरी होटल में नहीं पहुंचे हैं जहां हाल ही में पार्टी के अन्य विधायकों को शिफ्ट किया गया था। पार्टी ने हाल ही में इस होटल में अपना चिंतन शिविर आयोजित किया था।



# शासकीय उचित मूल्य की अधिकतर दुकानों में आज लटका मिला ताला

जोहार छत्तीसगढ़-
बेलगहना।






खाद्य विभाग जहां लोगों के राशन वितरण के लिए महीने भर राशन दुकान खोलने का आदेश जारी करती है जिसमें सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक राशन दुकान खोलने की बात कही जाती है वहीं आज जब हमारे संवाददताओं ने आज कोटा विकासखण्ड के आमामूड़ा, बानाबेल, कुपाबांधा, पंडरापथरा व मझवानी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का दौरा किया जिसमें मझवानी शासकीय उचित मूल्य के दुकान को छोड़कर बाकी दुकानों में ताला जड़ा मिला ग्रामीणों से पूछताछ पर बंद क्यों है इस बात की जानकारी नहीं है बताया गया वहीं जब डीलरों से संपर्क किया गया तब आमामूड़ा व कुपाबांधा के राशन दुकानदार से बात नहीं हो सकी वहीं बानाबेल के राशन दुकानदार ने स्टॉक पंजी बनाने के कारण है दुकान न खोलने की बात कही। क्या संचालकों को स्टॉक पंजी पूर्व में बनाने निर्देश नहीं दिया गया था अथवा संचालक राशन वितरण छोड़ केवल पंजी ही बनाते रहेंगे। वहीं पंडरा पथरा के राशन दुकान संचालक ने श्रश्हद्य मशीन में गड़बड़ी के कारण आज दुकान नहीं खोला जा सका बनवाने बिलासपुर आया हूँ कल सुबह खोलूंगा। साथ ही मैं प्रत्येक माह 2 तारीख को राशन उपलब्धता के अनुसार दुकान खोल देता हूँ ऐसा कहा। क्या सच मे इस प्रकार की कोई समस्या है या जानबूझकर ये राशन दुकान नहीं खोल रहेइस बात की जानकारी जब फ़ूड इंस्पेक्टर साहब से ली गई तब जवाब में जानकारी नहीं होने की बात कही गई। अगर महीने के इस शुरुआती दिनों में लोगों को राशन नहीं मिल पा रहा तो जिम्मेदारी किसकी है क्या संचालकों की मनमानी चलेगी अथवा अधिकारी भी किसी प्रकार की कड़ाई करेंगे। बहरहाल देखने वाली बात यह है कि राशन दुकान कब तक खुल पाते हैं।

## पिरामल फाउंडेशन ने रैली निकालकर धरती की रक्षा का दिया संदेश

**कोरबा** । आकांक्षी जिला कोरबा में पिरामल फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2022 के पर्यावरण दिवस की थीम केवल एक धरती के अंतर्गत संचालित अभियान के दौरान ग्राम चोरभट्ठी, बेला, रामपुर एवं अन्य शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्ना गतिविधियों में बच्चों ने रैली निकाली। साथ ही शपथ ग्रहण, सामुदायिक बैठकें की गई। क्षेत्रों में मुहीम चलाकर समाज को संदेश दिया गया कि पृथ्वी बहुत व्यापक शब्द है, जिसमें जल, हरियाली, वन्यप्राणी, प्रदूषण और इससे जुड़े अन्य कारक भी हैं। धरती को बचाने का आशय इसकी रक्षा के लिए पहल करना है। सामाजिक जागरुकता का अभाव है, इसके लिए किसी एक दिन को ही माध्यम बनाया जाए यह उचित नहीं है, बल्कि हमें हर दिन को पृथ्वी दिवस मानकर उसके बचाव के लिए कुछ न कुछ उपाय करने चाहिए। इस दौरान निम्न गतिविधियों के अंतर्गत, केवल एक धरती, कौन बनेगा पर्यावरण संरक्षक, सामूहिक मिलान, बिन नीड़ नहीं नीर जैसे विषयों पर भी चर्चा की। जिसमें सभी को संदेश भी दिया गया कि हमें अपने वातावरण को स्वच्छ और साफ बनाना हैं। साथ ही साथ पर्यावरणीय प्रदूषण से पर्यावरण को मुक्त करना है। इस कार्य के लिए हम सभी ने यह भी शपथ ली की हम सभी अपने पर्यावरण को स्वच्छ और साफ सुथरा बनाने में अपना अपना योगदान देंगे और प्रत्येक वर्ष एक एक पौधा अवश्य लगाएंगे। साथ ही उसकी देखभाल एवं निगरानी हम स्वयं करेंगे एवं अपने आस पड़ोस में रहने वाले सामुदायिक लोगों को भी यह बताएंगे कि हमारा पर्यावरण हमारे लिए प्रकृति का दिया हुआ एक बेहतरीन तोहफा है। इसे बर्बाद न करें इस दौरान रैली में बच्चों ने नारे लगा कर समाज को तरह तरह के संदेश दिए।

## एक लाख पचास हजार से अधिक लोगों की हुई मलेरिया जांच

जोहार छत्तीसगढ़-
सुकमा।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चंद्रभान प्रसाद बंसोड़ की अध्यक्षता में जिले में चलाये जा रहे विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों की आज समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में सी 3 जिला समन्वयक महेश झरकर, देवली सिन्हा, सुकमा ब्लॉक समन्वयक गीता बंजारे, चंपावती बघेल, छिंदगढ़ ब्लॉक समन्वयक शामबत्ती बघेल, प्रेमबत्ती नाग कोन्टा ब्लाक समन्वयक पुष्पलता बघेल, कथ्थुराम सिंघामे स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक अनिशा वर्मा, तिलो नाग, दमयंती नाग आदि उपस्थित थे। इसके तहत मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान छठवा चरण की समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बंसोड़ ने बताया कि मलेरिया जांच अभियान में सुकमा जिला में 3 जून 2022 तक 150862 लोगों की मलेरिया जांच की गई। इसमें 266 लोग ही पॉजिटिव मिले। पॉजिटिव दर मात्र 0.17 प्रतिशत है। प्राप्त मलेरिया मरीजों का समुचित उपचार किया गया। जिले में 19 मई से 28 मई तक मितानिनों द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाने और संवेदीकरण का अच्छा प्रयास किया गया था। सेनेटरी पेड और सेनेटरी नेपकीन मुफ्त वितरण कर जनजागरुकता अभियान चलाया गया। 1500 गर्भवती महिलाओं का भी मलेरिया जांच किया गया। इसमें पाये गये 4 मलेरिया मरीज गर्भवती महिलाओं का समुचित उपचार किया गया। एनिमिया मुक्त के लिए ग्राम स्तर पर विशेष प्रयास किया गया। बच्चों में आयरन की कमी को दूर करने के लिए प्रत्येक स्कूल में 10 वर्ष की आयु से लेकर 19 वर्ष की आयु तक के छात्र-छात्राओं को आयरन की गोलिया निःशुल्क खिलाई जा रही है। गर्भवती महिलाओं और किशोर किशोरियों का सिकलसेल जांच विशेष किट द्वारा किया जा रहा है।



## गौठान से केंचुआ बेचकर बीरा बाई को हुई 84 हजार रुपये की आय तो मन मुताबिक मोबाइल फोन खरीद पाई

जोहार छततीसगढ़-
कोरिया।



सोनहत के ग्राम पंचायत रजौली में कलेक्टर जनचौपाल में आई ग्राम धनपुर की फुलकुंवर ने कलेक्टर कुलदीप शर्मा के समक्ष बताया कि राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत उन्हें राशि मिली है। गांव घर में इस राशि से परिवार की बहुत मदद हो जाती है। ये बताते हुए फ ुलकुंवर के चेहरे की चमक देखते ही बनती है। शासन द्वारा निरंतर कृषक वर्ग, श्रमिक, वनवासी के में संचालित विभिन्न योजनाओं की कड़ी में प्रदेश के भूमिहीन श्रमिकों, पौनी पसारी व्यवसाय से जुड़े परिवारों को लाभ देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का प्रारंभ की गई है जिसके अंतर्गत भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को आर्थिक मदद प्रदान कर उनके स्थिति को सुदृढ़ करने का कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत तीसरी किस्त में जिले के कुल 3399 हितग्राहियों को 2000 रूपये की राशि उनके खाते में मिली है। शासन द्वारा निरंतर कृषक वर्गए श्रमिक, वनवासी परिवारों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की कड़ी में प्रदेश के भूमिहीन श्रमिकों, पौनी पसारी व्यवसाय से जुड़े परिवारों को लाभ देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का प्रारंभ की गई है जिसके अंतर्गत भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को आर्थिक मदद प्रदान कर उनके स्थिति को सुदृढ़ करने का कार्य किया जा रहा है। इसी तरह सोनहत के पोड़ी गौठान में वर्मी कम्पोस्ट और केंचुआ उत्पादन की आजीविका में संलग्न बीरा बाई ने बताया कि उन्हें केंचुआ विक्रय से 84 हजार 300 रुपये मिले हैं। अपनी कमाई का आत्मविश्वास अब ग्रामीण महिलाओं के चेहरों पर झलक रहा है। बीरा बाई कहती हैं कि अपने हाथ कमाई आने से मन मुताबिक मोबाइल फ ोन खरीद पाई हूं। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक के जरिए आसानी से ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंच रही है। कलेक्टर जनचौपाल में ग्रामीणों ने एमएमयू से मिल रहे फायदे स्वयं गिनवा और बताया कि नियमित रूप से जांच और इलाज के लिए पहुंचते हैं। ग्रामीणों ने एमएमयू का समय बढ़ाने की मांग की।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन के लिए आधार नम्बर होना अनिवार्य

**कोरबा** । ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति में आवेदन करने के पहले विद्यार्थी के पास आधार नम्बर या आधार इनरोलमेंट आईडी होना अनिवार्य है। शिक्षण सत्र 2022-23 में छात्रवृत्ति की पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों के आधार नम्बर का ऑनलाईन छात्रवृत्ति पोर्टल पर सत्यापन किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा माया वारियर ने बताया कि कोरबा जिले में संचालित सभी शासकीय-अशासकीय कक्षा 11वी, 12वीं महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक कॉलेज एवं आईटीआई आदि में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछडा वर्ग के पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों को आधार नम्बर रखना अनिवार्य होगा।

## एक नजर

### विकासखंड स्तरीय शिक्षक समस्या निवारण शिविर का आयोजन






**कोंडागांव।** दिनांक03/06/ 2022 को खंड शिक्षा अधिकारी शंकर लाल मंडावी के द्वारा समस्त शिक्षक संवर्ग के पदाधिकारियों का बैठक आहूत कर शिक्षक समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया! जिसमें मुख्य रूप से सहायक शिक्षक एलबी संवर्ग की वरिष्ठता सूची, सेवा पुस्तिका संधारण ;जीपीएफ पासबुक बनाने ,अंतर की राशि का भुगतानकरने, सत्र 2021-22 फार्म 16 का वितरण करने ,एलबी संवर्ग के सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की सूची जारी करने, अर्जित अवकाश, समयमान वेतनमान, सेवानिवृत्त कर्मचारियों का समस्त तत्वों का भुगतान समय पर करने ,राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षकों का समय पर वेतन वृद्धि जोड़ने एवं एरियस की राशि समय पर भुगतान करने ,तथा डी ए के संबंध में विस्तृत चर्चा कर समस्त प्रकार के समस्याओं का हल समय पर करने का आश्वासन दिया। इस बैठक में शिक्षक पंचायत नगरीय निकाय संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष पवन कुमार साहू ,ब्लॉक अध्यक्ष संतोष निषाद, संयुक्त शिक्षक संघ के संभागीय अध्यक्ष शिवराज ठाकुर ,ब्लॉक अध्यक्ष सुखमण नेताम ,राजूराम दीवान, रामू राम मरकाम ,छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बीएस ठाकुर ,तहसील उपाध्यक्ष वी के दीक्षित, जिला कोषाध्यक्ष शीतल कोर्राम, सहायक शिक्षक फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष बलराम यादव ,ब्लॉक अध्यक्ष मदन राठौड़, सर्व शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष आसिष ठावरे, सदस्य संतु राम मरकाम मुख्य रूप से उपस्थित थे

### कोरबा का कांग्रेस नेता जिला बदर

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक कांग्रेस नेता को जिला बदर कर दिया गया है। शुक्रवार की देर शाम जिला दण्डाधिकारी रानू साहू ने शहर जिला कांग्रेस के महामंत्री और श्रमिक यूनियन इंटक के जिला अध्यक्ष विकास सिंह को एक वर्ष के लिए जिला बदर करने का आदेश पारित किया। विकास सिंह पूर्व में महाविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष, एन एस यू आई जिला अध्यक्ष और युवक कांग्रेस का जिलाध्यक्ष रह चुका है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार विकास सिंह को कोरबा सहित सीमावर्ती जिलों जांजगीर चांपा, सक्ती, बिलासपुर, रायगढ़, कोरिया, सरगुजा, गौरेला. पेण्ड्रा. मरवाही और सूरजपुर जिले की सीमाओं से बाहर जाने का आदेश जारी किया है। विकास सिंह को जिला दण्डाधिकारी न्यायालय कोरबा की पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना इन जिलो की सीमाओं में अगले एक वर्ष की अवधि तक प्रवेश नहीं करने का भी आदेश दिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार एस बी एस कॉलोनी मानिकपुर कोरबा निवासी 45 वर्षीय विकास सिंह के विरूद्ध जिले के पुलिस थानों में 14 अपराध विभिन्न धाराओं में दर्ज हैं। अपराधी सन् 1995 से लगातार घर में घुसकर मारपीट, बलवा, गाली गलौच, जान से मारने की धमकी, तोड़फोड़, प्रतिबंधित हथियार लेकर घुमने जैसी कई अपराधिक गतिविधियां करते आ रहा है। विकास सिंह के खिलाफ थानों में भारतीय दण्ड विधान की धारा 147, 148, 427, 448, 341, 294, 506, 323, 34, 186, 353, 325, 342, 376, 149, 188, 332, 354, 354क (1)(2), 354 (घ), 509 (ख), 420, 406, आर्म्स एक्ट धारा 25 सहित एससी-एसटी एक्ट की धार 3(1)(12) की धाराओं में 14 अपराध पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया जा चुका है। अपराधी के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत 110, 151/107, 116(3) के चार प्रकरण भी दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक कोरबा के प्रतिवेदन के आधार पर विकास सिंह को छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के प्रावधानों के तहत जिला बदर किया गया है।

### छग क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ भयादोहन का मामला दर्ज

**कोरबा** । साउथ इस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड एसईसीएल की खदानों में मजदूर सप्लाइ करने वाले ठेकेदार का भयादोहन करते हुए पांच लाख रुपये की मांग करने का मामला छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष समेत उसके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज किया गया है। ठेकेदार का आरोप है कि उससे एक लाख रुपये डरा कर वसूल भी लिए हैं।

## साहित्य, संगीत, रंगमंच के बदलता कारवाँ में छत्तीसगढ़ का गौरव सम्मान से नवाजी गई शिक्षिका मधु

बदलता कारवाँ कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ गौरव अवार्ड से सम्मानित हुई मधु तिवारी



**कोण्डागांव।** सोसायटी आफ सोशल एंड कल्चरल एक्टिविटी एडीएमवाएडी छत्तीसगढ़ द्वारा साहित्य संगीत और रंगमंच का बदलता कारवां कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में दो जून कोआयोजित किया गया । जहाँ साहित्य, कला रंगमंच के प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुति के साथ जिसमें शिक्षा साहित्य संगीत रंगमंच कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देकर सामाजिक बदलाव के लिए कार्य कर रहे लोगों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। जिसमें कोंडागांव जिले की शिक्षिका और साहित्यकार मधु तिवारी को शिक्षा, साहित्य, व सामाजिक बदलाव के विभिन्न आयामों में उल्लेखनीय कायोगदान के लिए छत्तीसगढ़ का गौरव सम्मान से प्रसिद्ध लेखक एवं फिल्म कलाकार श्री इडियट्स फेम अतुल तिवारी के कर कमलों से सम्मानित किया गया । सम्मान समारोह में हालिया रिलीज छत्तीसगढ़ की राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त फिल्म भूलन कांदा डायरेक्टर मनोज वर्मा सहित छत्तीसगढ़ के साहित्य रंगमंच कला की ख्याति प्राप्त नामचीन हस्तियों का भी सम्मान किया गया समारोह में मुख्य रूप से सुप्रसिद्ध राइटर व एक्टर अतुल तिवारी थ्री इडियट फेम,राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त छत्तीसगढ़ की फ़िल्म भूलन कांदा के निर्देशक मनोज वर्मा,सिंगर भारती दीक्षित,क्लासिकल डांसर अमृता शर्मा राजशेखर बोस ,फणीन्द्र शेखर पांडे ,कवि पंकज डॉ शुषमा मिश्र ,सहित अनेक नामचीन हस्तियां मौजूद रहीं।



## महती चर्चा और निर्णयों से लबरेज रही स्काउट गाईड संघ की वार्षिक बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-
महासमुंद।



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स संघ महासमुंद की जिला परिषद एवं जिला कार्यकारिणी की बैठक विनोद सेवनलाल चन्द्राकर राज्य मुख्य आयुक्त एवं संसदीय सचिव के मुख्य आतिथ्य में और दाऊलाल चन्द्राकर की अध्यक्षता में तथा येतराम साहू जिला मुख्य आयुक्त, जय पवार जिला उपाध्यक्ष, खिलावन बघेल, पंकज हरपाल आजीवन सदस्य प्रतिनिधि, कौशलेंद्र वैष्णव अध्यक्ष विखं महासमुद, एस चन्द्रसेन जिला आयुक्त गाइड एवं जिला शिक्षा अधिकारी महासमुन्द, नंदकिशोर सिन्हा सहायक संचालक के विशिष्ट आतिथ्य में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला प्रशिक्षण केन्द्र महासमुन्द में आयोजित हुआ।

प्रार्थना से बैठक का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का स्वागत स्काउट परम्परा के अनुसार स्कार्फ पहना कर किया गया। जिला सचिव रामकुमार साहू द्वारा वार्षिक कार्यक्रमए वार्षिक बजट वर्ष 2022-23 का अनुमानित आय-व्यय, पिछले वर्ष 2021-22 का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। जिसे सदन ने सर्व सम्मति से करतल ध्वनि के साथ पारित किया गया। बाउन्ड्रीवाल निर्माण हेतु विनोद सेवनलाल चन्द्राकर राज्य मुख्य आयुक्त को राज्य से पांच लाख सहयोग देने एवं ऊपर तीन कमरों का रिकंस्ट्रक्शन एवं शेड निर्माण कार्य कराने के लिए प्रकाश चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महासमुन्द को सदन द्वारा आभार व्यक्त करते हुए करतल ध्वनि से सम्मानित किया गया। पिछले वर्ष आयोजित स्काउट्स एवं गाइड्स गतिविधियों का विस्तार पूर्वक जानकारी कमल लूनिया डी ओ सी स्काउट द्वारा दिया गया। जून 2023 में आयोजित होने वाले स्काउटर्स एवं गाइडर्स प्रशिक्षण के संबंध में संतोष कुमार साहू जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। सितम्बर 2023 में जिला स्तरीय हाईक आयोजन अंडमान निकोबार द्वीप समूह अथवा द्वारिकापुरी धाम पर चर्चा की गई। 19 जून 2022 से दिनांक 23 जून 2022 तक स्काउट्स एवं गाइड्स राट्रीय स्तर का योग प्रशिक्षण शिविर शास महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय महासमुन्द के आडिटोरियम हाल में आयोजित होने कार्यक्रम में भागीदारी एवं सफ लता पूर्वक आयोजन में सहयोग प्रदान करने पर सहमति प्रदान की गई । दिसम्बर 2022 में अंतराष्ट्रीय जंबूरी जयपुर राजस्थान में तैयारी के साथ स्काउट्स एवं गाइड्स भेजकर प्रतिभागिता निभाने पर सहमति व्यक्त की गई । सदन द्वारा जिला आयुक्त स्काउट के रिक्त पद पर हिमांशु भारतीय सहायक संचालक को तथा जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड के रिक्त पद पर लीलिमा साहू, प्री एएलटी गाइड को सर्वसम्मति से नियुक्ति की अनुसंशा की गई। बाउन्ड्री निर्माण कराने हेतु पांच सदस्यीय समिति का गठन किया गया। अतिथियों द्वारा स्काउट्स गाइड्स को निरू स्वार्थ सेवा, त्याग, समर्पण, स्वावलंबन, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम, और सामाजिक समरसता के कार्य करने वाली संगठन के लिए साधुवाद कहा गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में दाऊलाल चन्द्राकर जिला अध्यक्ष ने मिलजुल कर कार्य करने, सेवा व समर्पित भाव से कार्य करने, सीमित संसाधन में भी हंसी खुशी से अपने कर्तव्य को करते हुए सामाजिक समरसता के लिए कार्य करने पर जिला के स्काउट्स एवं गाइड्स को साधुवाद की संज्ञा दी गई। जिला सहसचिव तुलेन्द्र सागर को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग के प्राचार्य पद में नियुक्त होने के पर सदन की ओर से बधाई दिया गया।

# तुमगांव में 8 घंटे तक बुलडोजर, ध्वस्त किये गये नाजायज निर्माण, लोगों ने खुलकर जताई खुशी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

नगर पंचायत तुमगांव की सीमा क्षेत्र से होकर गुजरे राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 53 में बने ओवर ब्रिज के आस-पास नाजायज तरीके से शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर किये गये। स्थायी तथा अस्थायी निर्माणों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। राजस्व प्रशासन, नगर पंचायत और पुलिस विभाग द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही में नाजायज अतिक्रमण हटने पर स्थानीय और क्षेत्रीय लोगों ने प्रसन्नता जताते हुये अतिक्रमण तोडू दस्ता को साधुवाद ज्ञापित किया है। ज्ञातव्य है कि ओवर ब्रिज के पास अतिक्रमित जगह का देह व्यापार जैसा घिनौना कारोबार भी पनप रहा था।



### बुलडोजर की गरज और अफरा-तफरी के साथ हड़कंप

शुक्रवार को नगर पंचायत तुमगांव व बेन्द्रीडीह क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर नगर पंचायत, प्रशासन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में बुलडोजर से अवैध धंधे में लिप्त रहने वालों के निर्माण एवं दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। बुलडोजर की गरज से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों में अफरा तफरी और हड़कंप मचा रहा। करीब 8 घंटे तक चले अभियान में नगर पंचायत मुख्यालय के दायरे में स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण को बुलडोजर से ध्वस्त करने की कार्रवाई एसडीएम भागवत प्रसाद जायसवाल व नगर पंचायत तुमगांव की टीम की अगुवाई में संपन्न हुई।

### बुलडोजर कार्यवाही पर मिली साधुवाद

*इस दौरान दुकानदारों की प्रशासनिक अधिकारियों व नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चन्द्राकर के बीच कुछ बातों को लेकर सामंजस्य भी बना। लेकिन ऐसा पहली बार देखने को मिला कि इस अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही से नगर के व आस पास के लोगों ने नगर पंचायत व जिला प्रशासन का प्रसंशा करते हुये साधुवाद ज्ञापित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चन्द्राकर द्वारा व्यापारियों को आगे अतिक्रमण ना करने व नगर सीमा क्षेत्र में अतिक्रमण कर गुमटी ठेला चलाने वाले व्यापारियों को विधिवत आवेदन देने एव शासन के नियमानुसार आगे व्यावसायिक काम्प्लेक्स निर्माण होने पर नीलामी क्रम में पहला स्थान उक्त अतिक्रमित गुमठी ठेले वालों को देने अस्वासन दिया। साथ मे आवगमन बाधित ना हो इसलिए रोड से लगे सभी टीन शेड व गुमठी ठेले को अविलंब हटाने आदेश दिया। नगर पंचायत तुमगांव व क्षेत्र के आम लोग इस कार्यवाही से बेहद खुश है एतथा नगर पंचायत अध्यक्ष व जिला प्रशासन को धन्यवाद दे रहे है।*

### कलंक के कारोबार पर भी हुआ प्रहार

*यहां यह बताना गैरलाजिमी नहीं होगा कि पूरे प्रदेश में तुमगांव का नाम बदनाम हो रहा था जो कि कुछ लोग यहां पर चोरी छुपे देह व्यपार का घिनौना कारोबार चला रहे थे। जिसके चलते यंहा के निवासी अन्य लोगों को अपना पता बताने में कतराते थे। इस तरह से अतिक्रमण हटने के बाद लोगा काफी हर्षित है और नगर पंचायत अध्यक्ष की मुक्तकंठ प्रशंसा हो रही है। ज्ञातव्य है कि जिला प्रशासन और नगर पंचायत की टीम ने शनिवार को भी सूचना मुनादी कर दी थी जिसमें तुमगांव चौक से लगे व्यापारियों को कुछ दिनों में अपना अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। अन्यथा की दशा में कार्यवाही के लिए चेतावनी दी गई थी। इस पर पर व्यापारियों ने एकजुट होकर जिला प्रशासन व नगर पंचायत प्रशासन से कुछ दिनों तक का समय मांगा था। समय सीमा खत्म होने के बाद फिर से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने की बात नगर पंचायत ने कही। शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे नगर पंचायत के बगल में लग रही मछली मार्केट के सामने व आस पास के दुकानदारों को निर्देश देने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर बुलडोजर चलवाकर उसे खाली कराया गया। खैरझिटी मोड़ स्थित कई दुकानों व कच्चे ढाबे के आगे सड़क पर अवैध रूप से किए गए टिनशेड के कब्जे एवं सड़क पर बनाए रेहड़ी पटरी के पक्के निर्माण को तुड़वाया गया। कुछ दुकानदार बुलडोजर देखते ही स्वयं अतिक्रमण हटाने में जुट गए। करीब 8 घंटे तक चले अभियान में नगर पंचायत व बेन्द्रिडीह के दायरे में स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण को बुलडोजर से ध्वस्त कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। बताया गया कि निर्देश के बावजूद कुछ दुकानदारों द्वारा जबरदस्ती अवैध अतिक्रमण को नहीं हटाया गया था। जिसे कार्यवाही करते हुए बलपूर्वक जेसीबी की मदद से पुलिस फ र्स की मौजूदगी में हटाया गया है। कहा कि अवैध अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान अतिक्रमण खत्म होने जारी रहेगा। जब तक पूरे सीमा क्षेत्र को अतिक्रमण से मुक्त नहीं किया जाएगा तब तक अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।*

## एक नजर

### अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर व्यक्ति की हालत गंभीर

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बेमेतरा जिले के नांदघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत रमपुरा निवासी रंजीत यादव 40 वर्ष पिता पंचू यादव घर से खेत जाने के लिए निकला हुआ था। की अज्ञात वाहन रोड़ किनारे खड़े रंजीत यादव को अपने चपेट में ले लिया। जिसे 108 की मदद से जिला अस्पताल बेमेतरा ले पहुचाया गया यह घटना सुबह 6. 30 की बताई जा रही है। बताया जा रहा है की हालत बहुत ही ज्यादा गंभीर है।

### करोड़ों की लागत से बना भवन हो गया खंडहर

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम ने प्रेस नोट जारी कर सोशल मीडिया व अखबारों लगातार प्रकाशित कर समस्या को उज्जागार कर दिया इस मुद्दे पर प्रमुखता के साथ एआईएसएफ ने भी सवाल खड़ा कर दिया। सुकमा जिला मुख्यालय में जहां एजुकेशन सिटी के रूप में प्रशासन स्थापित किया। वही पूरे प्रशासनिक विभाग व अधिकारी रहते है, ताजुब कि बात है कि यह पर करोड़ों का भवन फुटबॉल एकेडमी के नाम से 100 सीटर का जो आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के बच्चों को क्रीडा के क्षेत्र में शिक्षा का लाभ देने, गुणवत्ता लाने के नाम बने भवन उपयोग किये बिना जंगल झाड़ियों से खंडहर हो गया। उस भवन का उपयोग ही नहीं, करोड़ों राशि का दुरुपयोग किया गया। जिला के हाल विभागीय प्रशासन दफ्तरों के बाजू में बना करोड़ राशि का भवन जंगल झाड़ियों के बीच खंडहर हो रहा है, भवन बनकर 3-4 वर्ष हो गया विभाग को जानकारी ही नहीं बड़ी विडम्बना हैं। जबकि इसी भवन के सम्बन्ध में पूर्व में एआईएसएफ मीडिया के माध्यम से सवाल कर प्रशासन को अवगत किया था, फिर भी प्रशासन गंभीर नहीं दिखा।

### ऑल इंडिया ओपन फीडे रेटिंग टूर्नामेंट 11 से

**महासमुंद** । जिला मुख्यालय स्थित वन विद्यालय में पहली बार ऑल इंडिया ओपन फीडे रेटिंग टूर्नामेंट का आयोजन आगामी 11 से 15 जून तक कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर के विशेष पहल के चलते किया जा रहा है। जिसकी तैयारी जिला शतरंज संघ द्वारा की जा रही है। कलेक्टर क्षीरसागर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन, खेल युवा कल्याण विभाग तथा जिला शतरंज संघ के संयुक्त तत्वावधान में व्यापक स्तर पर यह आयोजन किया जा रहा है। इस स्पर्धा में अब तक 8 राज्यों से 202 खिलाडियों ने पंजीयन करा लिया है। प्रतिभागियों को स्पर्धा में भाग लेने के लिए 750 रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है। प्रवेश की अंतिम तिथि 01 जून तक रखी गई थी तथा 250 रुपए विलंब शुल्क के साथ 4 जून निर्धारित की गई है। इसके बाद प्रवेश की प्रक्रिया बंद कर दी जाएगी। अभी तक 8 राज्यों के खिलाडियों की एंट्री आई है। इनमें छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, ओड़िशा व उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल शामिल है।

### खिलाडि़यों को तीरंदाजी खेल सामग्री प्रदाय

**महासमुंद** । तीरदांजी के खिलाडि़यों को अभ्यास के लिए कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने कलेक्ट्रेट परिसर में तीरंदाजी खेल सामग्री प्रदान कर खिलाडि़यों को और आगे अच्छे खेलते रहने ओर अच्छा प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिला खेल अधिकारी को तीरंदाजी खेल सामग्री के लिए दो लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने एवं प्रशिक्षित कोच की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि बागबाहरा विकासखण्ड के ग्राम बिहाझर की जया साहू पिता सोमनाथ साहू को अंडर 14 इंडियन राउंड आर्चरी नेशनल प्रतियोगिता आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में 23 से 31 मई तक आयोजित 30 मीटर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने बताया कि जया साहू की यह तीसरा राष्ट्रीय प्रतियोगिता है। इससे पहले वे सब जूनियर ओपन नेशनल खेल प्रतियोगिता अमरावती (महाराष्ट्र) में शामिल हुई थी। जिसमें टॉप 10 में जगह बनाई थी। इसके पश्चात रैफल्स यूनिवर्सिटी नीमराना (राजस्थान) के नेशनल खेल प्रतियोगिता में भाग ले चुकी हैं। जया की इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, बाल आश्रम के अधीक्षक पुणेंद्र चंद्राकर, पिरीत साहू, स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य राम प्रसाद मोहंती, अरविन्द छाबड़ा, ऋषि कपूर, एवन साहू एवं छत्तीसगढ़ के सभी आर्चरी कोच ने हर्ष जताया है।

# बेमेतरा जिले के चौकी कंडरका पुलिस की कार्यवाही, फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल व एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में थाना/चौकी प्रभारियो के द्वारा प्रतिदिन पुरे जिले में स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटियो को पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत चौकी कंडरका स्टाफ के द्वारा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बेमेतरा न्यायालय के प्रकरण क्र. 1063/2019, अप. क्र. 186/2019 धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट में फरार चल रहे




स्थायी वारंटी दिनेश वर्मा पिता स्वं. तुलसी वर्मा उम्र 38 साल साकिन भिभौंरी चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा को जरिये मुखबिर कि सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को आज दिनांक 04.06.2022 को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी कंडरका प्रभारी उप निरीक्षक रंजित प्रताप सिंह, आरक्षक संजय पाटिल, योगेश साहू, प्रदीप कौशल एवं अन्य स्टाफ शामिल थे।

# किसान नेता योगेश तिवारी ने पर्यावरण के संतुलन के लिए लोगो से अधिक से अधिक वृक्षारोपण की अपील

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

बेमेतरा कोरोना संक्रमण की मुश्किल परिस्थितियों ने हमें प्रकृति का मोल समझा दिया। पेड़-पौधों से निशुल्क मिलने वाली हवा भी महामारी से जूझ रहे मरीजों को खरीदकर प्राप्त करनी पड़ी। ऐसे में हम सभी ने हरियाली को महत्व समझा है पर यही आंकर थम जाने की बजाय हम सब को इसे संरक्षित करने का दायित्व निभाने की जरूरत है। इसलिए प्रत्येक ग्रामीण व नागरिकों से आग्रह है कि हर साल कम से कम जितना हो सके पौधा अवश्य लगाएं और विकसित होकर उसके पेड़ बनने देखभाल व सुरक्षा का संकल्प निभाएं। किसान



नेता योगेश तिवारी ने दी लोगों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं पर्यावरण के संतुलन के लिए लोगो से अधिक से अधिक वृक्षारोपण की अपील लोगों को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि पर्यावरण दिवस मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य को और अधिक गहरा करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि हमे अपने आसपास के वृक्षो को कटने से बचाने के साथ साथ अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए लोगों को जागरूक करना चाहिए। पर्यावरण के संतुलन के लिए आने वाले बारिश सीजन में हमे अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने की जरूरत है कहा कि अनियमित वर्षा, ग्लोबल वार्मिंग, पराबैंगनी किरणे जैसी समस्याएं हमारे जन जीवन को प्रभावित करने लगी हैं। यदि तापमान मे कमी लाना है तो ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाने होगे। पेड़ पौधे वनो का श्रृंगार है। और आवो हम सब मिलकर कर पेड़ लगाया और हमारी धरती माता की रक्षा करें।

# ग्राम खैरझिटी में निजी भूमि को कूटरचना कर पटवारी और उनके सहयोगी ने मिलकर दूसरे लोगों के नाम दर्ज कराया जमीन

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

कोटा तहसील कार्यालय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खैरझिटी में पटवारी आर के चेलके और उनके सहयोगी मनोज नवरंग पिता मनीराम नवरंग उम्र 40 वर्ष और उनके भाई बालकदास ग्राम खैरझिटी निवासी के द्वारा निजी भूमि और शासकीय भूमि को पटवारी से मिलकर के शासकीय अभिलेखों में कूट रचना कर फर्जीवाड़ा करते हुए रामखिलावन पिता इतवारी, कृपाराम पिता खेलावन, श्याम पिता खेलावन, धनुराम पिता खेलावन, कलीराम पिता खेलावन के नाम पर खसरा नंबर 158 बटा 3 एवं 158 बटा 7 रकबा 3.50 एवं 2.50 एकड़ भूमि को कूट रचित कर उक्त भूमि को दर्ज करा लिया गया उसी भूमि को उपरोक्त व्यक्तियों के द्वारा आशुतोष




वाधवानी पिता सच्चिदानंद वाधवानी बिलासपुर के रहने वाले जोकि रामखिलावन का मुख्तियार था कूट रचना करते हुए स्वयं से खसरा नंबर 158 बटा 7 की भूमि को पटवारी से मिलकर के रजिस्ट्री करवा लिया गया शिकायतकर्ता सुनील भार्गव ग्राम खैरझिटी निवासी के द्वारा इस मामले की शिकायत तहसीलदार कोटा न्यायालय में किया गया जिस पर भू अभिलेख में कूट रचना की शिकायत की जांच राजस्व निरीक्षक के द्वारा किया गया था जिसमे बताया गया है कि शासन के द्वारा कोरीबांध निर्माण के समय कुछ किसानों की भूमि डूबन में निकली थी जोकि शासन के द्वारा निजी भूमि स्वामी को ग्राम खैरझिटी में शासकीय भूमि छोटे-बड़े झाड़ जंगल मद की भूमि को प्लाट बनाकर आवंटित किया गया जिसका खसरा नंबर 50.158.159 वर्ष 1980 -81 में किया गया था खसरा न,158 मिसल रकबे में 19.95 एकड़ भूमि दर्ज है जिसे की पटवारी आर के चेलके और उनके सहयोगी मनोज नवरंग के द्वारा फर्जीवाड़ा करते हुए जमीन को टुकड़ों में बांटकर अन्य लोगों के नाम दर्ज करवा दी गई इस मामले में कोटा तहसीलदार प्रांजल मिश्रा के द्वारा बतलाया गया है कि कूट रचना कर बिना किसी न्यायालय के आदेश के बिना स्वयं से अन्य लोगों के नाम पर भूमि को दर्ज करवा लिया गया सभी लोगों के खिलाफ उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एफ आई आर दर्ज करवाई जाएगी।

# पिथौरा में चोरों का धावा, पुलिस सुस्त, पब्लिक पस्त, लगातार हो रही एक के बाद एक चोरियां

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पिथौरा नगर के कर्मचारी कॉलोनी में बीती रात चोरों ने पुलिस को चुनोती देते हुए एक सुने मकान से 50 हजार से अधिक के जेवर एवं नगदी पार कर दिए।



ज्ञात हो कि घटनास्थल से कोई 100 मीटर दूर ही एक राइस मिल संचालक की कार से 9 लाख 20 हजार रूपये की चोरी हुई थी। उक्त घटना में पुलिस ने मात्र एक हजार रुपये जप्त कर एक कथित आरोपी को गिरफ्तार किया था।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर के बया मार्ग पर स्थित कर्मचारी कॉलोनी इन दिनों चोरों उठाईगीरों के लिए सुलभ क्षेत्र बन गया है। इसके अलावा भी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से नगरवासी परेशान एवं स्वयं को असुरक्षित मांन रहे है। बीती रात की घटना में चोरों ने हितेष प्रधान के कर्मचारी कालोनी में स्थित घर में धावा बोला। बताया जाता है कि प्रार्थी प्रधान घर मे ताला लगा कर अन्यंत्र गए थे। कल सुबह जब वे वापस लौटे तब मुख्य द्वार का ताला टूटा देख कर उन्हें अपने घर मे चोरी का पता चला। पुलिस को सूचना देने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुच कर जांच की औपचरिकता पूरी करने में जुट गई है। प्रार्थी हितेश प्रधान के अनुसार उनके घर से सोना 17000 हजार, चाँदी तीन तोला 16000, नगदी आलमारी मे 7000,, गुल्लक मे 8000, कुल करीब 50 हजार चोर ले उड़े।

### पिथौरा थाना क्षेत्र चोरों का पसंदीदा स्थल बना

*पिथौरा थाना क्षेत्र में अब चोर आसानी से किसी भी घर को निशाना बना रहे है ।चोरियों के बाद पुलिस द्वारा औपचारिक जांच ही कि जाति है जिससे किसी भी चोरी के मामले में अब तक चोरी का सामान या रुपया पुलिस बरामद नही कर पाई है ।इसके पूर्व एक राइस मिल संचालक की कार से चोरों ने कोई 9 लाख 20 हजार की चोरी एवम बस स्टैंड स्थित सिन्हा ज्वैलर्स की दुकान का शटर तोड़ कर लाखो की चोरी की थी ।इसके अलावा 2 अन्य छोटी चोरियां भी हो चुकी है ।इनमे किसी भी मामले का पुलिस अब तक खुलासा नही कर पाई है ।जिससे पुलिस की कार्यशैली एवम गस्त पर प्रश्नचिन्ह लग गया है ।*

# विद्यावती ने गोबर बेचकर कमाए 12 हजार

## गर्व से बोली बेटे को नौकरी पर जाना था इन्हीं पैसों से जरूरी सामान दे सकी


जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

शासन की योजनाएं लोगों के जीवन में सुखद बदलाव ला रही है। शनिवार को बचरा, दुबछोला और पाराडोल में आयोजित कलेक्टर जनचौपाल में ग्रामीणों ने कलेक्टर से सीधा संवाद कर अपने अनुभव साझा किया।



विकासखण्ड खड़गवां के बचरा गौठान में आयोजित जनचौपाल में ग्राम भरदा की मीना ने कलेक्टर को बताया कि वे अब तक 500 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट खाद विक्रय कर चुकी हैं और प्राप्त राशि का उपयोग घर बनाने में किया है, वहीं ग्राम जिल्दा की भूरी साहू ने बताया कि 627 क्विंटल खाद विक्रय से प्राप्त आय से उन्होंने किराना दुकान की शुरुआत की है, जिससे रोजाना अच्छी आमदनी हो रही है। गंगा स्व सहायता समूह की ललिता ने बताया कि समूह के साथ मिलकर गौठान में उन्होंने 1200 पोल निर्मित किया है तथा 2 लाख 40 हजार में 800 नग विक्रय किया है, साथ ही बाड़ी का भी कार्य कर रहीं है। जनचौपाल में गांव की महिला ने बताया कि उनकी पुत्री प्रियांशी गम्भीर कुपोषण की श्रेणी में थी। आंगनबाड़ी में उचित देखभाल एवं खान-पान से अब सुपोषण की श्रेणी में आ गई है, ग्राम बड़ेकलुआ के युवा किसान ने उद्यानिकी विभाग द्वारा शेड नेट मिलने पर जिला प्रशासन का धन्यवाद किया। इसी प्रकार ग्राम सकरिया के मनीराम ने बताया कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 148 क्विंटल धान विक्रय पर 4 लाख 70 हजार रुपए का बोनस मिला है साथ ही 3 लाख रुपए का कर्ज भी माफ हुआ है। गांव की विद्यावती ने बताया कि गोधन न्याय योजना के तहत गोबर विक्रय से 12 हजार रुपए अर्जित हुए जिससे उन्हें बेटे को नौकरी के लिए बाहर भेजने में मदद मिली है। दुबछोला में आयोजित जनचौपाल में सोनकुंवर ने बताया कि फरवरी माह में प्रशासन द्वारा चलाये गए एनीमिया जांच अभियान में उनकी भी जांच हुई। जिसमें उनका हीमोग्लोबिन 6 ग्राम पता चला। इसके बाद स्वास्थ्य टीम द्वारा उन्हें आयरन सुक्रोस के डोज और टेबलेट तथा चिकित्सकीय सुविधा और खान-पान पर सलाह दी गयी जिससे उनके एचबी में सुधार आया है। और अब वे पूरी तरह स्वस्थ है।

# केजीएफ 3 में ऋतिक रोशन की एंट्री!



यश की केजीएफ 2 जबसे रिलीज हुई है तभी से ही इस फिल्म का डंका खूब बज रहा है. अब तक ये फिल्म सिनेमाघरों में खूब धमाका कर रही है. कमाई के मामले में ये हर रोज नया रिकॉर्ड बना रही है. फिल्म के दोनों ही पार्ट जबरदस्त सफल रहे हैं लिहाजा अब केजीएफ 3 को लेकर तैयारियां चल रही है. इसी बीच खबर आ रही है कि केजीएफ 3 में यश के साथ बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन नजर आएंगे.

अब सवाल ये कि क्या ऋतिक रोशन वाकई केजीएफ 3 का हिस्सा बनने जा रहे हैं. दरअसल, खबर है कि फिल्म को लेकर काम चल रहा है. फिल्म से जुड़े लोगों की माने तो फिलहाल फिल्म के निर्देशक अपने दूसरे अहम प्रोजेक्ट सालार में जुटे हुए हैं. जैसे ही वो पूरा होगा उसके बाद केजीएफ के तीसरे पार्ट पर काम शुरू कर दिया जाएगा. तब ही फिल्म की कास्टिंग फाइनल होगी. लेकिन रिपोर्ट्स की माने तो अंदर ही अंदर फिल्म की कास्टिंग पर काम शुरू कर दिया गया है और इस बार ऋतिक रोशन को यश के साथ कास्ट करने पर विचार चल रहा है.

वैसे आपको बता दें कि ऋतिक रोशन पहले भी साउथ में लीड रोल ठुकरा चुके हैं वो भी सुपरहिट फिल्म बाहुबली में. एसएस राजामौली की फिल्म बाहुबली में लीड रोल पहले ऋतिक रोशन को ही ऑफर किया गया था. लेकिन उन्होंने इस रोल को करने से इंकार कर दिया जिसके बाद ये रोल साउथ स्टार प्रभास ने किया. इस फिल्म ने प्रभास की किस्मत बदल दी. फिल्म साउथ में ही नहीं बल्कि भारत में भी खूब छाई और इस फिल्म का डंका सात समंदर पार भी खूब बजा. बाहुबली जैसी फिल्म को ठुकराने के बाद अब देखना ये होगा कि ऋतिर केजीएफ चैप्टर 3 में नजर आते हैं या नहीं.

# ऑन-स्क्रीन किरदार से बिल्कुल अलग हैं मेरा व्यवहार- करिश्मा सावंत



टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में आरोही की भूमिका निभा रहीं एक्ट्रेस करिश्मा सावंत का कहना है कि वह अपने किरदार से बिल्कुल अलग हैं। सावंत का कहना है कि वह जिदंगी के उस पड़ाव पर है, जहां वह खुद को ऊपर उठाने और अपने अतीत से आगे बढ़ने की कोशिश कर रही हैं। यह गुण उनके किरदार आरोही में भी है। लेकिन वह अपने किरदार से बहुत अलग हैं।

एक्ट्रेस आगे कहती है कि जब भी वह अपने फैंस से मिलती हैं, तो वे कहते हैं कि आप इतनी शांत हैं, हम आपको स्क्रीन पर जिस तरह से देखते हैं, आप उससे बहुत अलग हैं। वह फैंस के इन शब्दों को एक तारीफ के रूप में लेती हैं।

सावंत कहती है, जैसा कि मैंने ऊपर कहा कि अच्छी तारीफ तब होती है, जब असल जिंदगी में मुझसे मिलने वाले लोग यह विश्वास नहीं पाते कि मैं आरोही हूं। यह एक अभिनेता के लिए सबसे अच्छी तारीफ होती है, क्योंकि मैं कुछ ऐसा कर रही हूं, जो मुझसे बिल्कुल विपरीत हैं।

एक्ट्रेस ने कहा कि वह हिट शो का हिस्सा बनकर खुद को भाग्यशाली महसूस कर रही है।

# इंटरनेट पर छाई रुबीना दिलैक की तस्वीरें, लुक देख बढ़ी फैंस के दिलों की धड़कनें



टीवी जगत की जानी मानी मशहूर अदाकारा रुबीना दिलैक अपने नए-नए लुक से प्रशंसकों को इम्प्रेस करने का कोई अवसर नही छोड़ती हैं। वह अक्सर अपने फोटोशूट की झलक प्रशंसकों को दिखाती रहती हैं, जिसे उनके प्रशंसक बहुत पसंद करते हैं। एक बार फिर रुबीना ने अपने हॉट लुक से इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है।

वही इंटरनेट पर रुबीना दिलैक का नया फोटोशूट छा गया है। वह स्काय ब्लू कलर के थाई हाई स्लिट गाउन में दिखाई दे रही हैं, जिसमें वह बेहद हॉट लग रही हैं। फोटोज को जमकर लाइक और शेयर किया जा रहा है। गाउन के पफ स्लीव्स ने रुबीना दिलैक के लुक पर चार चांद लगा दिया है। खुले हुए बाल एवं मेकअप उनके लुक को और हॉट बना रहे हैं।

वही फोटोज में देखा जा सकता है कि रुबीना दिलैक ने अलग-अलग पोज में एक से एक हॉट फोटोज क्लिक करवाई हैं। उनके ऑउटफिट में कमर के पास एक कट है, जिस पर प्रशंसकों की निगाहें टिक गई हैं। रुबीना दिलैक के इस लुक पर प्रशंसक फिदा हो गए हैं। एक शख्स ने लिखा, आप खूबसूरती और हॉटनेस की परिभाषा हैं। दूसरे ने कमेंट किया, उफ्फ बहुत हॉट। किसी ने लिखा, कोई फायर ब्रिगेड को बुला दो। बता दे कि रुबीना दिलैक ने बिग बॉस 14 का खिताब अपने नाम किया है। इन दिनों वह खतरों के खिलाड़ी 12 शो को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं, जिसमें वह एक प्रतियोगी के रूप में दिखाई देगी।

# हरे धनिये को लंबे समय तक फ्रेश रखने के लिए इन तरीकों से करें स्टोर



घर में सब्जी बनी हो या दाल अगर उसके ऊपर धनिये के पत्तों को गार्निश कर दिया जाए तो खाने का स्वाद बढ़ना तय है। इसलिए कई लोग इसे घर में स्टोर करना सही समझते हैं। हालांकि, कुछ ही दिनों में धनिये के पत्ते मुरझा जाते हैं। अगर आपको भी अकसर इसी समस्या का सामना करना पड़ता है तो आपको किचन टिप्स की जरुरत है। आइए पत्तेदार धनिये को स्टोर करने के तरीके जानते हैं।

## अन्य सब्जियों से पत्तेदार धनिया रखें दूर

आमतौर पर लोग पत्तेदार धनिये को अन्य सब्जियों के साथ ही स्टोर कर देते हैं, लेकिन ऐसा करना गलत है। दरअसल, कई सब्जियों में एथिलीन नामक केमिकल मौजूद होता है, जिससे धनिया जल्दी मुरझा सकता है। वहीं, कई सब्जियों में साइट्रिक एसिड होता है, जो धनिये के साथ-साथ अन्य सब्जियों को भी खराब कर सकता है, इसलिए बेहतर होगा कि आप धनिये को सभी सब्जियों से अलग ही स्टोर करें।

**अच्छे से सुखाने के बाद स्टोर करें धनिया**

पत्तेदार धनिये को अच्छे से सुखाकर भी स्टोर किया जा सकता है। इसके लिए पहले धनिये की सारी जड़ को तोड़ दे और इसे साफ पानी से धोएं, फिर धनिये को टिश्यू पेपर से पोंछ दें। इसके बाद इन्हें कुछ मिनट धूप में रख दें। ध्यान रखें कि धनिये को कुछ ही मिनट की धूप दिखानी है। इसके बाद पत्तेदार धनिये को एक एयर टाइट कंटेनर में डालकर फ्रिज में रख दें।

**पेपर टॉवल में लपेटकर रखें**

# सनस्क्रीन खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान, होगा सही चयन



सनस्क्रीन एक स्किन केयर प्रोडक्ट है, जिसका इस्तेमाल त्वचा को सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से बचाने के साथ-साथ झुर्रियों, पिगमेंटेंशन और असमान रंगत को भी दूर कर सकती है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि सनस्क्रीन कौन-कौन सी सामग्रियों से युक्त होनी चाहिए और त्वचा के प्रकार के अनुसार कौन सी सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना चाहिए? आइए जानते हैं कि सनस्क्रीन खरीदने से पहले किन-किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

**त्वचा के प्रकार के अनुसार चुनें सनस्क्रीन**

अगर आप यह चाहते हैं कि सनस्क्रीन से आपको भरपूर फायदा मिले तो इसे हमेशा अपनी त्वचा के प्रकार के अनुसार ही चुनें। बेहतर होगा कि रूखी त्वचा वाले लोग मॉइश्चराइजिंग सामग्रियों से युक्त सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। वहीं, तैलीय त्वचा वाले लोग ग्रीन टी एक्ट्रैक्ट, पेपरमिंट ऑयल, एल-कार्निटिन और निकोटिनैमाइड जैसी सामग्रियों से युक्त सनस्क्रीन लगाएं। संवेदनशील त्वचा वालों के लिए हाइड्रेटिंग और प्राकृतिक सामग्रियों से युक्त सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना फायदेमंद है।

**सही फॉर्मूला चुनें**- आजकल मार्केट में लोशन, स्टिक, स्प्रे और क्रीम फॉर्मूले में सनस्क्रीन उपलब्ध है और सनस्क्रीन स्प्रे हर तरह की त्वचा पर सूट करता है। वहीं, सनस्क्रीन क्रीम त्वचा को मॉइश्चराइज करने का काम करती है, इसलिए यह रूखे प्रकार की त्वचा के लिए बेस्ट है। सनस्क्रीन स्टिक रूखी और मिश्रित त्वचा के लिए बेहतरीन है। वहीं, तैलीय त्वचा वाले लोगों के लिए सनस्क्रीन लोशन का इस्तेमाल करना अच्छा होगा।

**सनस्क्रीन एसपीएफ युक्त होनी चाहिए**

जब भी आप सनस्क्रीन खरीदने जाएं तो यह जरूर चेक हैं कि वो एसपीएफ वाली है या नहीं। दरअसल, एसपीएफ युक्त सनस्क्रीन की मदद से ही आप अपनी त्वचा को सूर्य की हानिकारक यूवी किरणों से बचाकर रख सकते हैं।

## खेल

टीम इंडिया तोड़ेगी पाकिस्तान का रिकॉर्ड

# साउथ अफ्रीका से 3 मैच जीतने होंगे, क्लीन स्वीप करने पर ऑस्ट्रेलिया की बराबरी होगी

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू टी-20 सीरीज 9 जून से शुरू होगी। इस सीरीज में टीम इंडिया के पास पाकिस्तान का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका होगा।



अगर टीम इंडिया इस सीरीज में तीन मुकाबले जीत जाती है तो वह साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा टी-20 मुकाबले जीतने के मामले में पाकिस्तान से आगे निकल जाएगी। फिलहाल भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 मैच जीतने के मामले में चौथे नंबर पर है। उसने 15 मैचों में से 9 मैचों में साउथ अफ्रीका को मात दी है। भारत से आगे इस लिस्ट में पाकिस्तान और इंग्लैंड हैं जिन्होंने साउथ अफ्रीका को 11 बार हराया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा 14 टी-20 मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं। उसकी बराबरी करने के लिए भारत को सीरीज में क्लीन स्वीप करना होगा। टी-20 मुकाबलों में साउथ अफ्रीका के आंकड़े घरेलू पिच पर भारत के खिलाफ अच्छे हैं। भारत ने अब तक साउथ अफ्रीका के खिलाफ घर में 4 टी-20 मुकाबले खेले हैं। इनमें से उसे 1 में जीत मिली है और 3 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।

9 जून से दिल्ली में शुरू हो रही सीरीज को जीतकर भारत पहली बार साउथ अफ्रीका के खिलाफ कोई घरेलू टी-20 सीरीज जीतना चाहेगा। अभी तक भारत साउथ अफ्रीका से एक भी घरेलू सीरीज नहीं जीत पाया है। दोनों देशों के बीच भारत में अब तक दो टी-20 सीरीज खेली गई हैं। अक्टूबर 2015 में खेली गई पहली तीन मैचों की सीरीज में भारत 2-0 से हार गया था। एक मैच रद्द रहा था। वहीं, सितंबर 2019 में दोनों देशों के बीच सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही थी। इस सीरीज का भी एक मैच रद्द हो गया था।

# श्रीलंका ने लसिथ मलिंगा को गेंदबाजी स्ट्रेटेजी कोच नियुक्त किया



**कोलंबो** । श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने तेज गेंदबाजी के दिग्गज लसिथ मलिंगा को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 और वनडे मैचों के लिए राष्ट्रीय टीम के गेंदबाजी स्ट्रेटेजी कोच के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की।

मलिंगा ने पहले उसी पद पर काम किया था, जब श्रीलंका ने इस साल फरवरी में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। एसएलसी ने एक बयान में कहा, मलिंगा दौरे के दौरान श्रीलंका के गेंदबाजों की मदद करेंगे, रणनीतिक योजनाओं के ऑन-फील्ड लागू करने के लिए सामरिक अंतर्दृष्टि और तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करेंगे।

श्रीलंका क्रिकेट को विश्वास है कि मलिंगा के अनुभव और प्रसिद्ध डेथ-बॉलिंग विशेषज्ञता, विशेष रूप से टी 20 में प्रारूप टीम को इस महत्वपूर्ण श्रृंखला में बेहतर करने में मदद करेगा।

मलिंगा ने एक खिलाड़ी के रूप में अपने विजयी 2019 अभियान में लौटने से पहले पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी मेंटर के रूप में काम किया था। हाल ही में आईपीएल 2022 में उपविजेता के रूप में राजस्थान रॉयल्स के लिए गेंदबाजी कोच के रूप में भी कार्य किया।

## एक नजर

# गेंदबाज मुजरबानी की जिम्बाब्वे टीम में वापसी

**हरारे** । जिम्बाब्वे के आईसीसी पुरुष वनडे रैंकिंग सूची में सर्वोच्च रैंकिंग वाले गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी हाल ही में समाप्त हुए आईपीएल से वापसी के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करेंगे।



गेंदबाज 15-4 जून के बीच अफगानिस्तान के खिलाफ क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग (सीडब्ल्यूसीएलएस) वनडे के लिए सदस्य टीम में शामिल किए गए हैं।

टीम का नेतृत्व क्रेग एर्विन करेंगे और तीन मैचों की एकदिवसीय प्रतियोगिता के लिए जनवरी में श्रीलंका का दौरा करने वाली टीम के ग्यारह खिलाड़ी शामिल होंगे, जिसे मेजबान टीम ने 2-1 से जीता था।

दो खिलाड़ी अपने एकदिवसीय डेब्यू के लिए कतार में हो सकते हैं। अनकैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज क्लाइव मडांडे अभी तक अपना पहला अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन नहीं दिखा पाए, जिन्होंने पिछले महीने नामीबिया के खिलाफ टी20 में डेब्यू किया था।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में करीब 4,700 एथलीट मुकाबला करेंगे

**पंचकूला** । पंचकूला में 4 जून से शुरू होने वाले अब तक के सबसे बड़े खेलो इंडिया यूथ गेम्स के रूप में 2,262 लड़कियों और उनके सहयोगी स्टाफ सहित करीब 4,700 एथलीटों के लिए मुकाबला करेंगे। भव्य उद्घाटन समारोह के लिए यहां के ताऊ देवी लाल परिसर (टीडीसीएल) को सजाया गया है। यह सभी कार्यो का केंद्र भी होगा, जिसमें नवनिर्मित बहुउद्देश्यीय हॉल में 25 विषयों में से कई आयोजित किए जाएंगे। यहां होने वाले लोकप्रिय खेलों में एथलेटिक्स, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कबड्डी, हैंडबॉल, कुश्ती, वॉलीबॉल, बॉक्सिंग और पांच स्वदेशी खेल शामिल हैं।

# इंग्लैंड, कीवी खिलाड़ियों ने 23वें ओवर में 23 सेकेंड के लिए वार्न को दी श्रद्धांजलि

**लंदन** । मेजबान इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के दौरे पर आए क्रिकेटरों ने दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई स्पिन जादूगर शेन वार्न को याद करने का एक अनूठा तरीका खोजा। वार्न का मार्च में दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई थी। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड और केन विलियमसन की अगुवाई वाली न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट के पहले दिन, दोनों टीमों के क्रिकेटर 23वें ओवर में 23 सेकंड के लिए ध्यान में खड़े रहे, यहां तक कि लॉर्डस के हजारों दर्शकों ने भी ताली बजाई। महान क्रिकेटर, जिनका 4 मार्च को 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया। लॉर्डस की स्क्रीन में वॉर्न के जीवन की झलक दिखाई गई, जबकि होर्डिग में लिखा था, शेन वार्न 1969-2022। श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (800 विकेट) के बाद वार्न टेस्ट इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट (708) लेने वाले महान स्पिनर रहे। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉलर डर्मोट ब्रेरेटन के सम्मान में 23 नंबर की जर्सी पहनी थी।

# शिबहारा, कूलहोफ ने ऐतिहासिक फ्रेंच ओपन फाइनल में मिश्रित युगल खिताब जीता



**पेरिस** । नंबर दो वरीयता प्राप्त एना शिबहारा और वेस्ले कूलहोफ ने गुरुवार को यहां उलरिकके ईकेरी और जोरेन व्लिगेन को 7-6(5), 6-2 से हराकर फ्रेंच ओपन मिश्रित युगल खिताब जीता। युगल में 8वें स्थान पर रहीं शिबहारा ने अपना पहला बड़ा खिताब जीता और पेरिस में मिश्रित युगल चैंपियनशिप जीतने वाली 25 वर्षो में पहली जापानी खिलाड़ी बनीं।

कैलिफोर्निया में जन्मीं 24 वर्षीय शिबहारा का तब जन्म नहीं हुआ था, जब 1997 में रिका हिराकी और महेश भूपति ने खिताब अपने नाम किया था।

शिबहारा ने कोर्ट पर कहा, यह हम पहली बार एक साथ खेल रहे थे और मैं बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे खेलने के लिए कहा, यह बहुत मजेदार था।

जब मैंने पहली बार टेनिस खेलना शुरू किया, तो मेरा परिवार पांच लोगों का है और हम मिश्रित युगल खेल रहे थे। यह पहली चीज थी जो मैंने खेली थी, इसलिए ग्रैंड स्लैम में मिश्रित युगल जीतना मेरे लिए बहुत खास है। यह सिर्फ एक था सपना इस हफ्ते सच हो जाएगा।

शिबहारा और कूलहोफ ने चौथे गेम में शुरुआती बढ़त हासिल की, नेट पर आक्रामक शिबहारा शिकार पर 3-1 की बढ़त बना ली।

# एआईसीएफ को जल्द ही मिलेगा नया सचिव!




**चेन्नई** । अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) में जल्द ही दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद भरत सिंह चौहान की जगह एक नया सचिव नियुक्त होगा। इस बारे में एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को जानकारी दी। क्योंकि दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के सचिव के रूप में भरत सिंह चौहान के चुनाव पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी थी। लेकिन सचिव के लिए व्यक्ति कौन होगा यह बड़ा सवाल है, क्या पिछले साल एआईसीएफ का चुनाव लड़ने वाले आरएन डोंगरे होंगे या महासंघ के अध्यक्ष द्वारा नियुक्त कोई अन्य व्यक्ति। एआईसीएफ के अध्यक्ष डॉ. संजय कपूर ने को बताया, मैं एक नया सचिव नियुक्त करूंगा। मैं चर्चा कर रहा हूं। नियुक्ति कानून के अनुसार होगी। अदालत ने यह नहीं कहा है कि डोंगरे को सचिव नियुक्त किया जाना चाहिए। एआईसीएफ के नियमों के अनुसार, पदाधिकारियों की रिक्तियां अध्यक्ष द्वारा भरा जाएगा और ऐसा नामित व्यक्ति अगली आम सभा की बैठक तक पद पर रहेगा। दूसरी ओर, डोंगरे ने से कहा, मैं (मेरे) विकल्प तलाश रहा हूं। सचिव पद के लिए एकमात्र शेष प्रतियोगी के रूप में मुझे राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुसार नया सचिव होना चाहिए।

# राजस्व बढ़ाने हरसंभव उपाय सुनिश्चित करें: टीएस.सिंहदेव

## संभाग में वर्ष 2021-22 में 778 करोड़ का राजस्व संग्रहण





**बिलासपुर।** वाणिज्यिक कर मंत्री श्री टी.एस.सिंहदेव ने आज यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में वाणिज्यकर विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व बढ़ाने के लिए हरसंभव उपाय सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देश दिए। मंत्री ने कर चोरी रोकने और जीएसटी के प्रति व्यापारियों और आम जनता में जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने को कहा है। संभाग में जीएसटी के अंतर्गत वर्ष 2021-22 में 778 करोड़ रूपये का राजस्व संग्रहण हुआ ह, जो कि वर्ष 2020-21 की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। बैठक में विधायक श्री शैलेश पाण्डेय एवं डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी भी उपस्थित थे। वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि बिलासपुर संभाग के अंतर्गत 27 हजार 872 डीलर जीएसटी के तहत पंजीकृत हैं। इनमें 6362 कम्पोजिशन डीलर और 25 हजार 110 रेगुलर डीलर हैं। मंत्री ने ज्यादा से ज्यादा डीलरों को कम्पोजिशन डीलर के अंतर्गत पंजीकृत करने को कहा है। संभाग के अंतर्गत बिलासपुर वृत 1 एवं वृत 2, अम्बिकापुर एवं मनेन्द्रगढ़ वृत्त समाहित हैं। संभाग में जीएसटी राजस्व में वर्ष 2020-21 की तुलना में वर्ष 2021-22 में 16.23 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2020-21 में जहां 7195 करोड़ रूपये का राजस्व संग्रहित किया गया था, वहीं वर्ष 2021-22 में 8363 करोड़ का राजस्व एकत्र किया गया है। संभाग के अंतर्गत एसजीएसटी के वर्ष 2021-22 में निर्धारित लक्ष्य 693 करोड़ की तुलना में 778 करोड़ का कर संग्रहण कर 12.24 प्रतिशत अधिक राजस्व संग्रहित किया गया है। बताया गया कि संभाग के अंतर्गत इस वर्ष 1 अप्रैल 2022 तक 141 करोड़ रूपया का बकाया है, जिसकी वसूली तेजी से की जा रही है। बैठक में एडीएम हरिश एस, महापौर रामशरण यादव, जिला अध्यक्ष विजय पाण्डेय, विजय केशरवानी सहित वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# बेटी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले को आखिर क्यों नहीं कर रही है पुलिस गिरफ्तार

## मृतिका की मां ने एसपी ऑफिस पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार




**बिलासपुर ।** सिरगिट्टी पुलिस आत्महत्या के लिए उकसाने वाले पिता को गिरफ्तार नहीं कर रही है। मृतक युवती की मां ने इसकी शिकायत एसपी कार्यालय में की है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकेशन की जानकारी देने के बाद भी पुलिस गिरफ्तारी के लिए नहीं पहुंची। सिरगिट्टी क्षेत्र में रहने वाली ममता सिंह ने 16 मार्च को अपने घर में फांसी लगा ली। उसे फांसी के फंदे पर झूलते देख भाई राहुल और मां ने उतारा। इसके बाद उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान 18 मार्च को युवती की मौत हो गई। इसकी सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। स्वजन ने अपने बयान में बताया कि ममता के पिता चुरावन आए दिन पत्नी ज्योति व बच्चों से मारपीट करते थे। इसकी शिकायत पुलिस से भी की गई थी। 16 मार्च को चरित्र शंका पर उसने पत्नी ज्योति और बेटी ममता से मारपीट की। आए दिन मारपीट से तंग आकर ममता ने आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस आरोपित पिता के खिलाफ जुर्म दर्ज नहीं कर रही थी।

# मोदी सरकार के 08 वर्ष पूरे होने पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने गिनाई उपलब्धियां



**दंतेवाड़ा।** राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार 30 मई से 15 जून 2022 तक देश भर में बूथ स्तर तक मोदी सरकार के 8 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम मनाया जायेगा। जिसको लेकर आज जिला स्तर पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा दंतेवाड़ा द्वारा ग्रामीणों तक पहुँच सरकार की उपलब्धिया बताई गई। आज दंतेवाड़ा मंडल के कुमाररास गांव में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। भगवान बिरसा मुंडा जी अमर रहे के नारों के साथ भगवान बिरसा मुंडा जी की चित्र पटल पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत कि गयी।

केंद्र सरकार के माननीय लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 8 साल की उपलब्धियों के बारे में लोगों से चर्चा किया गया, लोगों ने स्वयं यह कहा मोदी जी की वजह से आज हमारे पक्के माकान का सपना साकार हुआ ,घर घर में बिजली पहुँचाने का कार्य हुआ, गरीब परिवारों का मुफ्त में 5 लाख तक का इलाज हो पा रहा, उज्ज्वाला गैस योजना, घर घर शौचालय, स्वच्छ भारत ऐसे ही अनगिनत उपलब्धियों के बारे में चर्चा किया गया। इस कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी, दंतेवाड़ा जिला के जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष मुन्ना मरकाम ,उपाध्यक्ष भाजपा मुकेश शर्मा, जिला मंत्री सत्यनारायण महापात्र ,मण्डल अध्यक्ष श्श्रवण कड़ती , अनुसूचित जनजाति मोर्चा महामंत्री शिपसे वेट्टी , ग्राम पंचायत मसेनार सरपंच कुमा एवं भाजपा के समस्त पदाधिकारी व क्षेत्र के ग्रामीण मौजूद रहे।



# टिटलागढ़ पैसेंजर से गांजा तस्करी, स्टेशन से उतरते ही पकड़ाया कटनी का तश्कर




**बिलासपुर।** ट्रेनों में गांजा तस्करी जारी है। संयुक्त जांच के दौरान जीआरपी व आरपीएफ की टीम ने कटनी के गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चार किलो गांजा बरामद हुआ है। आरोपित टिटलागढ़- बिलासपुर पैसेंजर से गांजा लेकर बिलासपुर पहुंचा और यहां से कटनी लेकर जाने की योजना थी। लेकिन रेलवे की दोनों सुरक्षा विभाग की टीम ने ट्रेन से उतरने ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। जब्त गांजा की कीमत 20 हजार रुपये आंकी गई है।

मामला शुक्रवार देररात का है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ट्रेन में मादक पादर्थ की तस्करी व अपराध की रोकधाम के लिए जीआरपी व आरपीएफ नियमित जांच करती है।

जांच के दौरान ही उन्हें मुखबिर से सूचना मिली एक युवक टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर से बिलासपुर रेलवे स्टेशन में उतरेगा। उसके पास जो बैग है उसके अंदर गांजा है। मुखबिर ने हुलिया भी बताया। जिसके बाद सुरक्षा टीम सतर्क हो गई और ट्रेन के पहुंचने का इंतजार करने लगी। जैसी ट्रेन प्लेटफार्म नंबर पांच पर आकर खड़ी हुई।

# सरपंच पति के हत्यारे पुलिस के गिरफ्त में, पुरानी रंजिश में रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया था इलाज के दौरान हुई थी मौत



**बिलासपुर ।** घुटकू में दैजा के सरंपच पति की हत्या के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया है। कोनी थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने बताया कि बुधवार की सुबह घुटकू रेलवे ट्रैक के पास नारायण कौशिक घायल अवस्था में मिले थे। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इसकी सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। गांव में पूछताछ के दौरान पता चला कि मंगलवार की रात गांव के नंद धीवर(26) और रविंद्र यादव(27) नारायण से मारपीट कर रहे थे। इस पर पुलिस उनकी तलाश में जुट गई। जांच के दौरान पता चला कि आरोपित रविंद्र यादव की बहन के घर उच्चभट्टी में छेपे हैं।

पुलिस ने गांव में दबिश देकर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि रात में उनका गांव के अमन दुबे से विवाद हो गया। वे अमन को खोजते हुए नारायण के कृषि प्लाट में पहुंचे। वहां नारायण ने आने का कारण पूछा तो नंद और रविंद्र पुरानी बातों को लेकर उसकी पिटाई करते हुए रेलवे ट्रैक तक लेकर गए। वहां मारपीट से बेहोश नारायण को रेलवे ट्रेक में फेंककर भाग गए। पूछताछ के लिए पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया है। न्यायालय के आदेश पर आरोपित को जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर

# मातृ शिशु हॉस्पिटल में पानी की समस्या, वाटर कूलर से नहीं रहा पानी




**बिलासपुर।** मातृ शिशु अस्पताल की व्यवस्था पटरी पर आने का नाम नहीं ले रहा है। अब भीषण गर्मी के बीच अस्पताल के चार में से तीन वाटर कूलर खराब हो गए हैं। इसकी वजह से भर्ती मरीजों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में पीने को पानी के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। मातृ शिशु अस्पताल 100 बिस्तरों का अस्पताल है। यहां हर समय 70 से 80 बेड में गर्भवती, प्रसूताओं के साथ छोटे बच्चे भर्ती रहते हैं। अस्पताल के चार मंजिला भवन में भर्ती मरीजों व आने-जाने वाले लोगों के लिए हर तल में एक वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है। लेकिन, भीषण गर्मी में तीन कूलर बंद पड़ गए हैं। ऐसे में इन वाटर कूलर से पानी नहीं आ रहा है। सिर्फ नीचे तल स्थित वाटर कूलर से ही पानी निकल रहा है। ऐसे में ऊपरी मंजिल में भर्ती मरीजों को दिक्कत हो रहा है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी प्रबंधन को नहीं है। जानकारी होने के बाद भी वाटर कूलर सुधरवाने का काम नहीं किया जा रहा है। साथ ही सभी कूलर में जंग लग गया है। हद तो इस बात की है कि इन्हें बनाना छोड़कर सभी वाटर कूलर को पाइपलाइन से भी हटा दिया गया।इसकी वजह से भर्ती मरीजों के लिए पीने का पानी स्वजनों को बाहर से लाने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। कई बार इसकी शिकायत भी प्रबंधन से की जा चुकी है, जिसमें यह मांग भी रखी गई है कि कम से कम पेयजल की तो व्यवस्था कर दी जाए। लेकिन इन सब के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

## बाथरूम का हाल भी बेहाल

अस्पताल के बाथरूम का हाल भी बेहाल है। सफाई पर ध्यान नहीं देने से अक्सर बाथरूम चोक मिलता है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी भर्ती मरीजों को होती है। कई बार इन्हें सुलभ शौचालय का उपयोग करने बाध्य होना पड़ता है। सफाई ठेकेदार का भी समय पर पेमेंट न मिलने का रोना रहता है। ऐसे में व्यवस्था पटरी में नहीं आ पा रही है।

# कलेक्टर ने जिले में बालवाड़ी के व्यवस्थित संचालन के संबंध में ली बैठक

## प्रथम चरण में 16 जून से जिले के 40 चिन्हांकित स्थलों से बालवाड़ी का होगा शुभारंभ



**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जिले में बालवाड़ी के व्यवस्थित संचालन के संबंध में बैठक ली। जिले मे कुल 159 बालवाड़ी का संचालन किया जाएगा जो प्राथमिक विद्यालयों से संबंध रहेंगे। प्रथम चरण में 16 जून को 40 चिन्हांकित प्राथमिक विद्यालयों में बालवाड़ी का शुभारंभ किया जाएगा, जिसमें गौरेला विकासखंड के 14 पेंड्रा के पांच और मरवाही के 21 बालवाड़ी शामिल है।

बैठक में कलेक्टर ने जिले के 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए व्यवस्थित रूप से बालवाड़ी का संचालन और अध्यापन कार्य कराने के लिए शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को बालवाड़ी के शुभारंभ के साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य जांच भी कराए जाने के निर्देश दिए। बालवाड़ी में छोटे बच्चों के लिए खिलौने तथा कीट भी उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य द्वारा बताया गया कि बालवाड़ी के व्यवस्थित संचालन के लिए विभिन्न शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सुपरवाइजर को 5 दिन का ट्रेनिंग भी दिया जा चुका है। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर देवेंद्र पैकरा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री मनोज राय सहित महिला एवं बाल विकास विभाग तथा संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# पांच जून से शुरू होगी बिलासपुर से भोपाल के बीच की फ्लाइट, मुख्यमंत्री भूपेश करेंगे वर्चुअल शुभारंभ




**बिलासपुर ।** बिलासपुर अंचलवासियों के लिए यह अच्छी खबर हो सकती है। रविवार से बिलासपुर से भोपाल के बीच विमान सेवा की शुरुआत हो रही है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने इसकी तैयारी भी पूरी कर ली है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विमान सेवा का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। एयरपोर्ट परिसर में भव्य मंच बनकर तैयार है। कार्यक्रम स्थल में जिले के प्रभारी मंत्री व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, सांसद अर्स्ण साव, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक सहित जिले के भाजपा व कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की मौजूदगी रहेगी।

कार्यक्रम स्थल में विशाल एलईडी लगाई गई है। सीएम के संबोधन को एलईडी के जरिए नेता व शहरवासी व एयरपोर्ट के अधिकारी कर्मचारी सुनेंगे। केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय ने उड़ान योजना के तहत 26 अगस्त 2020 बिलासपुर से भोपाल विमान सेवा को स्वीकृति दी गई थी। अलायंस एयर कंपनी की व्हाया जबलपुर चलने वाली फ्लाइट ही भोपाल पहुंचने के बाद बिलासपुर के लिए उड़ान भरेगी।

एयरपोर्ट अथारिटी ने टाइम टेबल भी जारी कर दिया है। सप्ताह में चार दिन रविवार, सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को चलने वाली फ्लाइट नई दिल्ली से साढ़े सात बजे रवाना होकर साढ़े नौ बजे जबलपुर पहुंचेगी। वहां से 10 बजे रवाना होकर 11 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। इसके बाद 11.35 बजे भोपाल के लिए रवाना होगी। वहां 13.25 बजे पहुंचेगी। 1.55 बजे रवाना होकर 3.45 बजे बिलासपुर लैंड करेगी। 4.15 बजे जबलपुर के लिए रवाना होगी और 5.30 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

## अलायंस एयर को मिली जिम्मेदारी ¬

केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय ने बिलासपुर से भोपाल फ्लाइट को उड़ान योजना के तहत चलाने की घोषणा के बाद स्पाइजेट ने काउंटर बिडिंग में यह जिम्मेदारी ले ली थी। बिडिंग में लेने के बाद विमानन कंपनी ने विमान सेवा प्रारंभ नहीं की। इसी बीच अलायंस एयर कंपनी ने बिलासपुर से भोपाल के बीच हवाई सेवा प्रारंभ कर दी। नागर विमानन मंत्रालय ने अलायंस एयर को ही बिलासपुर से भोपाल और भोपाल से बिलासपुर फ्लाई चलाने की अनुमति दे दी है।

## बिलासपुर से भोपाल के लिए 80 टिकटें आरक्षित ¬

रविवार को बिलासपुर से भोपाल के बीच शुरू होने वाली फ्लाइट से यात्रा करने के लिए 80 टिकटें आरक्षित करा ली है। पहले दिन ये यात्री भोपाल के लिए बिलासा एयरपोर्ट से उड़ान भरेंगे।

# सायबर फाड से बचने हेतु जानो त बचबो मुहिम के तहत चकरभाठा पुलिस कर रहे लोगों को जागरूक



**बिलासपुर ।** चकरभाठा पुलिस द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम सेंवार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में महिलाएं, पुरूष व बच्चे शामिल हुए। ग्रामीणों को अपराध से बचाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

इसके साथ ही उनके अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। एसपी पारुल माथुर के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधिक ग्रामीण रोहित झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चकरभाटा गरिमा द्विवेदी के मार्गदर्शन में अपराधों की रोकथाम के लिए ग्राम सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

बिलासपुर छत्तीसगढ़ पुलिस की एक पहल जानबो त बचबो के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिनके माध्यम से महिला और बच्चों की सुरक्षा के उपाय, सियान के अधिकार, अपराध और बचने के उपाय, बैंक, सायबर संबंधी अपराध और बचाव के तरीके बताए जा रहे है। जानबो त बचबो कार्यक्रम के तहत चकरभाटा पुलिस स्टाफ ग्राम सेंवार पहुंचे और ग्रामीणों से बात की। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने बताया कि साइबर अपराधी नए तरीके से फ्राड करने का प्रयास कर रहे हैं।

सायबर अपराध से बचने के लिए जानकारी और सावधानी भी आवश्यक है।

वर्तमान समय में साइबर अपराधी बिजली कनेक्शन काटने, फेक अश्लील वीडियो काल का स्क्रीन रिकार्डिंग करके मोबाइल को इंटरनेशनल बताकर कम कीमत में बेचने, लाटरी लगने, गूगल सर्च में कस्टमर केयर का फर्जी नंबर अपलोड करके और विभिन्न तरीकों से फ्राड कर रहे हैं। इनके झांसे में नहीं आने व फ्राड से सावधान रहने के लिए कहा गया है।

साथ महिला और बच्चों की सुरक्षा के उपाय, सियान के अधिकार, अपराध और बचने के उपाय, बैंक संबंधी अपराध और बचाव के बारे में बताया गया। जागरूकता कार्यक्रम में थाना प्रभारी मनोज नायक, प्रआ सिद्धार्थ पाण्डेय, आरक्षक सतीश यादव, आशीष वर्मा समेत भारी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, पुरुष, बच्चे व युवा उपस्थित थे।

# हैंडपम्प और नल के पानी का पीकर पीएचई के सचिव ने जांची पानी की गुणवत्ता

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

जिले के प्रभारी सचिव एवं छत्तीसगढ़ शासन के गृह एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव धनंजय देवांगन ने सक्ति, मालखरौदा ब्लॉक के अनेक गांवों में विकास कार्यों का जायजा लिया।



इस दौरान उन्होंने दूरस्थ गांव में पहुंचकर पेयजलापूर्ति सहित शासन की योजनाओं की जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने गांव के हैंडपम्प और घरों में लगे नलों के पानी को पीकर गुणवत्ता को भी परखा। उन्होंने ग्रामीणों से प्रत्यक्ष भेंट कर पेंशन योजनाओं की राशि खाते में प्राप्त होने, आंगनबाड़ी में पोषण आहार मिलने, जमीन संबंधित विवाद, राशन उपलब्ध होने के संबंध में विस्तार से पूछताछ की। प्रभारी सचिव ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गाँधी ग्रामीण भूमिहीन मजदूर न्याय योजना की जानकारी लेकर ग्रामीणों को गोठनों में गोबर विक्रय करने, अपने बच्चों को आंगनबाड़ी, स्कूल भेजने और बीमार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर उपचार कराने का आग्रह किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव के साथ अपर कलेक्टर राहुल देव, एसडीएम रेना जमील, पीएचई बिलासपुर संभाग के सीई हेमराज मर्सकोले, अधीक्षण अभियंता आर के गेंदले, जिले के ईई एस के चन्द्रा उपस्थित थे। प्रभारी सचिव देवांगन ने सक्ति ब्लॉक् के ग्राम पासीद में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। उन्होंने यहां छूटे हुए परिवारों को नल जल कनेक्शन देने के निर्देश दिए। प्रभारी सचिव ने बूँद-बूँद पानी की कीमत होने की बात कहते हुए सभी को जल का संरक्षण करने, पौधारोपण करने की अपील की। यहां उन्होंने ग्रामीण दुकालूराम केंवट और मुरलीधर राठौर के घर जाकर नल कनेक्शन और पेयजल की जांच की।

### पानी टंकी में चढ़कर प्रभारी सचिव ने निर्माण कार्यों का किया अवलोकन



मालखरौदा ब्लॉक के ग्राम आडिल में समस्याओं की जानकारी लेने और विकास कार्यों का अवलोकन करने पहुंचे प्रभारी सचिव देवांगन ने ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ उठाने कहा। उन्होंने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए स्कूल भेजने की अपील की। प्रभारी सचिव ने यहां निर्माणाधीन पानी टंकी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सब इंजीनियर को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से बिल्कुल भी समझौता न करे। पेयजलापूर्ति हेतु निर्माणाधीन टँकी की गुणवत्ता को जांचने के लिए स्वयं प्रभारी सचिव देवांगन अपर कलेक्टर और एसडीएम के साथ लगभग 40 फीट ऊंचे टंकी में चढ़ गए। उन्होंने निर्माण में उपयोग किए जा रहे छड़ सहित अन्य सामग्रियों की भी जांच की। ग्राम आडिल के चौपाल में उन्होंने महिलाओं को आंगनबाड़ी में अपने बच्चों को भेजने और पूरक पोषण आहार प्राप्त करने कहा। यहां आंगनबाड़ी में लड्डू नहीं मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को फ ोन लगाकर सच्चाई से अवगत कराते हुए वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### जांजगीर-नैला नगर पालिका परिषद द्वारा नाली सफाई पर दिया जा रहा जोर

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।



बरसात के पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा नाली सफ ाई पर जोर दिया जा रहा है शहर के सभी वार्डों में नगर पालिका के सीएमओ चंदन शर्मा अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल हर वार्ड में घूम घूम कर बरसात में होने वाली समस्या को निदान करने के लिए तत्पर से लगे हुए हैं वार्ड नंबर तीन की पार्षद द्वारा वर्षों से धर्मशाला के पीछे जो नाली है वह आज नाला का रूप धारण कर लिया है उसकी सफ ाई के लिए बोला गया जो कि आज नगर पालिका के कर्मचारी दिनभर लगकर कार्य को किए उम्मीद है कि अब पानी भराव का समस्या मेन रोड में नहीं होगा वही विकट समस्या नाली का निर्माण भी किया जा रहा है।

### अध्यक्ष छ.ग.राज्य सहकारी बैंक बैजनाथ चंद्राकर का दौरा कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



अध्यक्ष छ.ग.राज्य सहकारी बैंक केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त बैजनाथ चंद्राकर 5 जून 2022 को प्रात: 9 बजे बिलासपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे रायगढ़ सर्किट हाऊस आयेंगे एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। चंद्राकर दोपहर 1 बजे से समीक्षा बैठक लेंगे जिसमे खरीफ सीजन 2022 में अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण, समितियों में धान का उठाव/ मिलान, राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं गोधन न्याय योजना तथा धान के बदले अन्य फसलों के लिए ऋण वितरण व वसूली के संबंध में समीक्षा करेंगे। चंद्राकर शाम 4 बजे रायगढ़ में सहकारी प्रतिनिधियों से भेंट एवं चर्चा करेंगे। तत्पश्चात शाम 6 बजे रायगढ़ से बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मोदी सरकार के 8 साल गुणगान पर भड़की कांग्रेस

PCC चीफ मरकाम ने कहा-महंगाई, बेरोजगारी, भुखमरी, हिंसा और नफरत मिली, मंत्रियों की खामोशी इसका प्रमाण



**रायपुर।** केंद्रीय मंत्रियों किरेन रिजेजू और स्मृति ईरानी के केंद्र में मोदी सरकार के 8 साल की उपलब्धियों के गुणगान पर कांग्रेस भड़की हुई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने मोदी सरकार के ही आठ साल पूरे नहीं हुए हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की बदहाली, महंगाई, बेरोजगारी, भुखमरी, समानता, हिंसा और नफरत के विकास के नए आठ साल भी पूरे हुए हैं। महंगाई के सवाल पर केंद्रीय मंत्रियों की खामोशी इस बात का प्रमाण है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा, इस समय बेरोजगारी ऐतिहासिक रूप से शिखर पर है, थोक और खुदरा महंगाई दर सर्वाधिक है। भुखमरी इंडेक्स में मोदी राज में भारत अपने पड़ोसी देशों बांग्लादेश, श्रीलंका और नेपाल से भी पीछे जा चुका है। अर्थव्यवस्था तेजी से उल्टे पांव दौड़ रही है। कर्ज लगभग तीन गुना बढ़ चुका है। देश के तमाम संसाधन ओने-पौने दाम पर बेचे जा रहे हैं। चंद पूंजीपतियों के लाखों करोड़ के राइट ऑफ किए गए लेकिन आम जनता को केवल जुमला मिला। मोदी सरकार के जितने भी केंद्रीय मंत्री छत्तीसगढ़ दौरे पर आए किसी ने भी अपने विभाग से संदर्भित योजनाओं पर बात नहीं की और ना ही देश की ज्वलंत समस्याओं पर। आज भी केंद्रीय मंत्री किरेन रिजेजु मोदी दरबार में नंबर बढ़ाने कोरी चाटुकारिता का असफल प्रयास करते नजर आए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा, जब जब और जहां भी भाजपा सरकार में होती है अपने राजनीतिक लाभ के लिए नफरत और हिंसा के सहारे खौफ की मार्केटिंग करने की कोशिश करती है। 1947 से 1989 तक छुटपुट घटनाओं को छोड़कर कश्मीर में हिंदू-मुस्लिम आबादी शांतिपूर्वक निवास करती रही।

## जिस ट्रैक्टर पर बैठा था, उसी से कुचला

ईंट लेकर जा रहा था, ट्रैक्टर-ट्रॉली उछलने से सड़क पर गिरा और पहिये के नीचे आ गया



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में शनिवार को ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर एक मजदूर की मौत हो गई। मजदूर उसी ट्रैक्टर के नीचे आ गया, जिस पर वह बैठा था। अचानक झटका लगने से वह सड़क पर गिरा और ट्रैक्टर का पहिया उसे कुचलता हुआ निकल गया। हादसा अर्जुनी थाना क्षेत्र में दुर्ग रोड पर हुआ है। जिले में एक सप्ताह में हादसे के दौरान यह 7वीं मौत है। जानकारी के मुताबिक, पोटियाडीह निवासी हरीश ढीमर (35) पुत्र मिलौऊ ढीमर ईंट से भरे ट्रैक्टर में बैठा हुआ था। दुर्ग रोड पर अचानक से ट्रैक्टर-टॉली उछली और झटका लगने से हरीश नीचे सड़क पर गिर पड़ा। इसी दौरान ट्रैक्टर का पहिया उस पर चढ़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया।

## जिले में इस वर्ष 32 हजार 183 किसानों से धान खरीदी की गई

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों के हित के लिए बेहतर कार्य किया जा रहा है। साथ ही प्रत्येक वर्ष किसानों से प्राथमिकता से धान खरीदी की जाती है। जिले में धान की खरीदी साल दर साल जशपुर जिले में नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है। जिला विपणन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के वर्ष 2019-20 में जहां पंजीकृत किसानों की संख्या 18334 थी 80377.7 में टन धान की खरीदी की गई एवं किसानों को 145.88 करोड़ रूपया राशि का भुगतान किया गया है। वहीं



वर्ष 2020-21 में पंजीकृत किसानों की संख्या 22392 हुई जो कि गतवर्ष की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक थी, 116918.8 में टन धान की खरीदी हुई जो कि गतवर्ष की तुलना में 45 प्रतिशत अधिक थी एवं किसानों को 218.40 करोड़ रूपया राशि का भुगतान की गई। वर्ष 2021.22 में पंजीकृत किसानों की संख्या 32183 हुई जो कि गतवर्ष की तुलना में 43 प्रतिशत अधिक है, 154181 में टन धान की खरीदी हुई है जो कि गतवर्ष की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है एवं किसानों को 299.11 करोड़ रूपया राशि का भुगतान किया गया है। बीते तीन वर्षों में धान विक्रय के पश्चात् किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि का भुगतान समय सीमा के भीतर किया गया जिससे सरकार के प्रति आम किसान एवं नागरिकों में खुशी एवं हर्षोल्लास का महौल है। जशपुर जिले के लुइकोना निवासी किसान जयनाथ ने अपना धान इस वर्ष भी अपने नजदीकी के धान खरीदी केन्द्रों में विक्रय किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि धान विक्रय करने के पश्चात धान की राशि उनके खाते में आ गई है। उन्होंने बताया कि उनके नजदीकी के धान खरीदी केन्द्र गम्हरिया में अपना 100 किवंटल धान विक्रय किया और समर्थन मूल्य में 1 एक लाख 86 हजार 800 सौ रुपए खाते के माध्यम से प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि राशि का उपयोग खेती बाड़ी और अपने घर के जरूरी वस्तुएं खरीदने में करेंगे।

## करडेगा और मनोरा गोठान की स्व सहायता समूह की महिलाओं को बकरी इकाई और मुर्गी पालन के लिए चूजा वितरण



जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

जिले के सभी गोठानों को स्वावलंबी बनाने के लिए बेहतर कार्य किया जा रहा है, साथ ही स्व सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न आजीविका से जोड़ा गया है। समूह की महिलाएं गोठान में विभिन्न गतिविधियों में शामिल होकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन गई है। इसी कड़ी में करडेगा गोठान की समूह की महिलाओं को पशुपालन विभाग द्वारा बकरी इकाई और मनोरा विकास खंड के 5 गोठान में मुर्गी पालन के लिए समूह को चूज़ा वितरण किया गया है।



## जिले में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजाओं का कला जत्था के माध्यम से किया जा रहा प्रचार-प्रसार

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।

रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जनसम्पर्क विभाग के दिशा.निर्देश में छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाओं को जिले के दूरस्थ अंचल के अंतिम छोर तक पहुंचाने के उद्देदश्य से जिले के चिनहांकित गांवों एवं हाट बाजारों में कला जत्था, स्थानीय बोली और नाच-गान के माध्यम से शासन योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न योजनाओं पर आधारित न्याय का छत्तीसगढ़ मॉडल जिला जशपुर पुस्तिका, जनमन सहित अन्य प्रचार सामग्री



का नि:शुल्क वितरण भी किया जा रहा है।

इसी कड़ी में अभिनट नाट्य फ उंडेशन रायपुर के कला जत्था दल द्वारा कुनकुरी विकासखण्ड के जोरातराई, कांसाबेल विकासखण्ड के चेटबा और दोकड़ा में कला जत्था के माध्यम छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाएं नरवा, गरवा, घुरवा एवं बाड़ी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनीक, राजीव युवा मितान क्लब, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजनाए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सहित अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

## दांत उखाड़ने से आंखों पर कोई असर नहीं होता- डॉ. त्रिपाठी

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।




अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह एबीवीटीपीएस मड़वा में दन्त रोग परीक्षण एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 40 व्यक्तियों का दंत परीक्षण एवं उन्हें परामर्श दिया गया। मल्टी-स्पेशिलिटी डेन्टल क्लीनिक 32-इन्टेक्ट, बिलासपुर के डॉ. सुधांशु त्रिपाठी ने कहा कि दांत उखाड़ने से आंखों पर कोई असर नहीं होता है। इसके साथ ही नजर कमजोर होने की बात एक मिथक है। इसके साथ ही सड़े हुए दांत से कोई कीड़ा नहीं निकलता। डॉ. त्रिपाठी द्वारा दांत के सामान्य रोग, उपचार के आधुनिक तकनीक बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया द्वारा डॉ. सुधाशु त्रिपाठी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

इस मौके पर अतिक्ति मुख्य अभियंता आलोक लकरा, रामजी सिंह, आरजी देवांगन व अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमआर स्नेही की गरिमामयी उपस्थिति रही। जागरूकता व्याख्यान में डॉ. सुधांशु त्रिपाठी द्वारा दांत में सड़न का कारण, बचाव, खानपान में सावधानी, अच्छा टूथपेस्ट और उसकी उचित मात्रा में उपयोग, टूथब्रश की विधि को विस्तार से समझाया गया। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि दांतो के उपचार में नए तरीके से सुन्न करनाए दांत उखाड़ने की तकनीक का प्रयोग, रबर डैम के उपयोग से मसूड़े व गाल में उपचार के समय चोट व दर्द का कम होता है, इससे रूट कैनाल ट्रीटमेंट में परिणाम सही मिलता है। आजकल एक ही बार में सिंगल सिटिंग में करना संभव है। डॉ. त्रिपाठी द्वारा टेढ़े-मेढ़े दांतो का उपचार, दांतों के बीच दूरी गैप कम करना, इम्पलांट के प्रकार एवं इसके लगवाने का सही समय की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया द्वारा डॉण् त्रिपाठी को समृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता टीके नेताम, एसडी द्विवेदी एवं मुख्य रसायनज्ञ उत्तम चन्द्रवंशी उपस्थित रहे। शिविर के आयोजन में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. इन्दु साहू, डॉ. आर के साहू, चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार पटेल, डॉ. विकेन्द्र सिंह और डॉ. पल्लवी साहू के साथ पैरामेडिकल स्टॉफ का भरपूर सहयोग किया। कार्यक्रम में मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. इन्दु साहू द्वारा किया गया।

## लायंस क्लब ऑफकोरबा का सत्र 2022-23 के लिए नयी कार्यकारिणी सदस्य का गठन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।







लायंस क्लब ऑफ कोरबा के नये पदाधिकारियों का चयन आगामी सत्र 2022-23 के लिए चयनसमिति के द्वारा सभी सदस्यों आपसी सहमती एवं विचार विमर्श से किया गया जिनके नामों की धोषणा चयनसमिति के चेयरमेन एमजेएफ लायन जयप्रकाश अग्रवाल द्वारा किया गया। जिसे लायंस क्लब ऑफ कोरबा के सभी लायन सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहमती प्रदान की एवं करतल ध्वनि से स्वागत किया। जिसमें लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव) को आगामी सत्र का अध्यक्ष, लायन दीपक माखीजा को सचिव और लायन श्रवण बेरिवाल को कोषाध्यक्ष एवं प्रथम उपाध्यक्ष के रूप में लायन मीना सिंह के नाम की घोषणा किया गया। जिसमें द्वितीय उपाध्यक्ष लायन रोहित राजवाड़े, तृतीय उपाध्यक्ष लायन राकेश अग्रवाल, सह सचिव लायन दर्शन दुआ, सह कोषाध्यक्ष लायन प्रमेश चंदेल, जन संपर्क अधिकारी लायन कन्हैया सोनी, टेल ट्वीस्टर लायन रश्मि सिंह, टेमर लायन भगवती अग्रवाल, जीएलटी को-ऑडिनेटर लायन राजकिशोर प्रसाद, जीएमटी को-ऑडिनेटर लायन अशोक जायसवाल, जीएसटी को-ऑडिनेटर लायन संतोष खरे, एलसीआईएफ को-ऑडिनेटर लायन आशीष अग्रवाल, क्लब सलाहकार लायन जयप्रकाश अग्रवाल, लायन सत्येन्द्र वासन, संरक्षक लायन जयसिंह अग्रवाल, लायन आनंद प्रसाद जायसवाल, लायन पदमसिंह चंदेल, लायन श्रीकांत बुधिया, लायन राधेश्याम बंसल, संचालक मंडल के सदस्य लायन बृजमोहन शर्मा, लायन अशोक कुमार चावलानी, लायन मधु पाण्डेय, लायन अमरेश सिंघानिया ,लायन पुरुषोत्तम अग्रवाल, लायन गोपाल प्रसाद अग्रवाल, लायन सुभाष केडिया, लायन सुभाष अग्रवाल (आर.पी.), लायन पवन अग्रवाल, लायन अरविन्द साहू, लायन शहनाज शेख लायंस क्लब ऑफ कोरबा के समस्त पूर्व अध्यक्ष संचालक मंडल के सदस्य होंगे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर वन विभाग आज अंम्बेटिकरा में करेगा पौध-रोपण

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग अंम्बेटिकरा में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया है। कार्यक्रम मध्य क्षेत्र अनुसूचित जनजाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा लालजीत सिंह राठिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सांकेतिक तौर पर पौधे रोपे जाएंगे और पूर्व में रोपे गए जीवित पौधों में पानी डाले जाएंगे। और मंदिर परिसर की साफ सफाई की जायेगी और मंदिर परिसर के मंच में उद्बबोधन का कार्यक्रम आयोजित है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन मंडल परिसर में बने हाथी सहायता केन्द्र का उद्घाटन भी करेंगे। उक्त बातें वनमंडलाधिकारी अभिषेक जोगावत ने कार्यक्रम हेतु स्थल निरीक्षण के दौरान कही। वनमंडलाधिकारी ने अंम्बेटिकरा के पास 2019-20 में निर्मित पुरखा वन वाटिका को स्थल चयन किया है। वाटिका को देखकर वनमंडलाधिकारी ने वाटिका में पानी, बिजली, सड़क एवं अहाता की आवश्यकता बताई। कल के कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद एवं सरपंच जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। आज स्थल निरीक्षण के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी धरमजयगढ़ अमित रोशन किस्पोट्टा, डिप्टी रेंजर टिकेंन्द्र जांगड़े, धरनीधर सिदार, राजेन्द्र इजारदार वनपाल एवं शासकीय मंदिर समिति अंबेटिकरा के सचिव टीकाराम पटेल उपस्थित थे।

## बाढ़ एवं अतिवृष्टि से बचाव के लिए नियंत्रण कक्ष बना

**जगदलपुर** । राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान बाढ़ एवं अतिवृष्टि से बचाव हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी किया गया है। जिसके तहत बस्तर जिले में संयुक्त जिला कार्यालय जगदलपुर के कक्ष क्रमांक 08 में बाढ़ एवं अतिवृष्टि से बचाव हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है।




## मिरीगुड़ा गांव के पास सड़क किनारे मिला बुज़ुर्ग की लाश, जांच में जुटी पुलिस



जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मिरिगुड़ा गांव के पास सड़क किनारे मेम्बर पारा के करीब एक अज्ञात बुजुर्ग की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई, हालांकि शव की शिनाख्ती मौजूदा समय में नही हो सकी थी बाद में करीबी मोहल्लेवासियों द्वारा सूचना पर 112 की टीम व धरमजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुंच आगे की जांच कार्यवाई में जुट गई। जानकारी के मुताबिक धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के मिरिगुड़ा के मेम्बरपारा के करीब सड़क किनारे खेत में एक अज्ञात बुजुर्ग की लाश मिलने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई, क्षेत्रीय बाशिन्दे शव को लेकर एक बारगी खौफ जदा हो गए, सड़क किनारे शव को देख समूचे क्षेत्र में भय का माहौल देखा जा रहा था लेकिन बता दें, सूचना पर 112 की टीम व धरमजयगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की शिनाख्ती कार्यवाई शुरू कर दी। शव की शिनाख्ती में जुटी पुलिस शव के पास मौजूद थैले से शिनाख्ती की कार्यवाई शुरू की तब कहीं जाकर थैले में मौजूद आधार कार्ड व पास बुक के माध्यम से जानकारी लगी कि मृतक का नाम है खुलास राम पिता लोथेड़ राम है और वह विजयनगर के कन्ड्रजा गांव का रहने वाला है लिहाजा पुलिस शव को धरमजयगढ़ हॉस्पिटल के मर्चुरिज में सुरक्षित रख कर आगे की पूर्ण शिनाख्ती में जुट गई है साथ ही मामले की तह तक पहुंचने के लिए सघन जांच कार्यवाई कर रही है। बहेरहाल पुलिसिया जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट बाद यह स्पष्ठ हो पायेगा की बुजुर्ग की मौत किन कारणों से हुई है।

## विश्व पर्यावरण दिवस आज, थीम है सिर्फ एक पृथ्वी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। जिसकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से वर्ष 1972 में वैश्विक स्तर पर पर्यावरण प्रदूषण की समस्या और चिंता की वजह से विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की नींव रखी गई। इसकी शुरुआत स्वीडन की राजधानी स्टॉक होम में हुई। यहां दुनिया का पहला पर्यावरण सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें 119 देश शामिल हुए थे। पहले पर्यावरण दिवस पर



भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारत की प्रकृति और पर्यावरण के प्रति चिंताओं को जाहिर किया था। इसी सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम यूएनईपी की नींव रखी गई थी और हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने का संकल्प लिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस का उद्देश्य दुनियाभर के नागरिकों को पर्यावरण प्रदूषण की चिंताओं से अवगत कराना और प्रकृति एवं पर्यावरण को लेकर जागरूक करना है। हर साल विश्व पर्यावरण दिवस के लिए एक थीम रखी जाती है और इस साल की थीम है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम यूएनईपी की रिपोर्ट के अनुसारए विश्व की आबादी लगातार 8 अरब की ओर बढ़ रही हैए और हम अपनी वर्तमान जीवन शैली को बनाए रखने के लिए 1.6 पृथ्वी के बराबर का उपयोग कर रहे हैं। स्वाभाविक रूप से, पारिस्थितिक तंत्र हमारी मांगों को पूरा नहीं कर सकता है और परिणामस्वरूप, तेजी से गिर रहा है। अब पहले से कहीं ज़्यादा, हमें यह याद रखने की आवश्यकता है कि हमारे पास सिर्फ एक पृथ्वी है और हमारे ग्रह को बचाने के लिए समय तेजी से खत्म हो रहा है। यही वजह है कि इस साल के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम सिर्फ एक पृथ्वी है। मौजूदा परिदृश्य पर पूरी तरह से फिट बैठती है। देश के बड़े शहर बढ़े हुए तापमान और प्रदूषित हवा में जी रहे हैं। ये हाल सिर्फ दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों का नहीं है बल्कि पूरी दुनिया का है। आज तापमान में तेजी से बदलाव का असर सिर्फ इंसानों पर ही नहीं पृथ्वी पर रह रहे सभी जीवों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। यही वजह है कि कई जीव-जन्तू विलुप्त हो रहे हैं। साथ ही लोग भी सांस से जुड़े कई तरह के रोगों से लेकर कैंसर जैसी कई गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।
















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in